# श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक

- नवरात्रि महोत्सव की तैयारी को लेकर ट्रस्ट की बैठक संपन्न
- मनोकामना एवं जवारा कलश की होगी स्थापना



**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के प्रमुख पौराणिक स्थल श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी धनपुर में शारदीय क्वांर नवरात्रि महोत्सव परंपरागत रूप से इस बार भी आयोजित किया जाएगा तथा नवरात्रि मनाने की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। 15 अक्टूबर 2023 रविवार से 23 अक्टूबर 2023 सोमवार तक आयोजित होने वाले नवरात्रि महोत्सव की तैयारी को लेकर श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर ट्रस्ट धनपुर के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक मंदिर परिसर में संपन्न हुई जिसमें नवरात्रि महोत्सव मनाने आवश्यक तैयारी तथा शांति और सद्भाव के साथ नवरात्रि महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। 9 दिन के नवरात्रि महोत्सव के दौरान 15 अक्टूबर 2023 दिन रविवार प्रतिपदा से से 23 अक्टूबर 2023 दिन सोमवार श्री दुर्गा नवम कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण, एवं मेला 23 अक्टूबर 2023 श्री दुर्गा नवमी हवन विसर्जन एवं जवारा मेला का आयोजन किया जाएगा। मनोकामना ज्योति कलश जवारा कलश की स्थापना के साथ सुबह शाम माता जी की आरती पूजन प्रसाद वितरण इत्यादि का कार्यक्रम है। जो भी भक्त मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्वलन कराना चाहते हैं। वे श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर से जुड़े पदाधिकारियों से संपर्क कर मनोकामना ज्योति कलश हेतु राशि जमा कर रखी प्राप्त कर सकते हैं। जिनमें आनंद जायसवाल 9753436100, पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी 6265618387, सुरेश पांडे 9685171711, गणेश पांडे 997720 4471, भागवत सिंह मार्को 9669436438, फल पाल सिंह 6261466046, वेद प्रकाश पांडे 9425226447, मार्तंड सिंह 6265252622, गुलाब सिंह वाकरे 07772906840, पीतांबर सिंह मार्को, 0889470076 रघुवीर मीरावती श्याम सरपंच धनपुर 6267341795, रामनिवास तिवारी 9977823076 राजेश पांडे अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट 981109811086, अक्षय नामदेव 9406213643 से संपर्क किया जा सकता है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रकरण के निराकरण के मामले में गौरेला बीईओ कार्यालय फिसड्डी

### सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामेश्वर दुबे को स्वत्वों के भुगतान का इंतजार




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरण के निराकरण के लिए शासन द्वारा समय सीमा निर्धारित होने के बावजूद प्रकरण का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

ऐसे में सेवानिवृत कर्मचारियों एवं मृत कर्मचारियों के परिजनों को कार्यालय का चक्कर बार-बार काटना पड़ता है वही बेवजह शासन के प्रति असंतोष व्याप्त होता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गौरेला में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद दुबे का प्रकरण कुछ इसी तरह का है। जहां एक ओर रामेश्वर प्रसाद दुबे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक माध्यमिक शाला उमरखोही विकासखंड गौरेला को सेवानिवृत होने के बाद एक रुपए का भी भुगतान नही हुआ है। इस संबंध में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद दुबे ने बताया कि वे गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के दूरस्थ वनांचल ग्राम उमरखोही स्थित पूर्व माध्यमिक शाला से में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे थे परंतु सेवानिवृत होने के बाद गौरेला विकासखंड शिक्षा कार्यालय से उनके स्वत्वों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। सेवानिवृत प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद दुबे को ना तो जी.पी.एफ की राशि का भुगतान किया गया और ना ही जी आई एस की राशि प्रधान की गई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी गौरेला द्वारा अवकाश नगदी करण के लिए आदेश तो जारी किए गए हैं परंतु कार्यालय के बाबू द्वारा भुगतान की प्रक्रिया लंबित करके रखी गई है। इसी तरह रामेश्वर प्रसाद दुबे की समयमान एरियस की राशि लंबित है। उन्हें उन्हें बीमा की राशि भी प्रधान नहीं की गई है ऐसे में जब पेंशन का भी निर्धारण नहीं हुआ है और उनके विभिन्न स्वतवों का भी भुगतान लंबित है तब स्वाभाविक रूप से सेवानिवृत शिक्षक को आर्थिक रूप से परेशानी उठानी ही पड़ रही है।

# वायरल सूची पर सियासत जारी, भाजपा ने बताया मीडिया की सूची




**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की संभावित वायरल सूची पर सियासत तेज है। भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि जो पार्टी में काम करना नहीं चाह रहे हैं, वो बीजेपी पर आरोप लगायेंगे ही। जो सूची वायरल हुई वो मीडिया की सूची थी। कोई कुछ भी डाल देता है।

भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव के पद से इस्तीफ़े की पेशकश करने पर कहा कि जूदेव परिवार जनसंघ से लेकर भाजपा तक पुरज़ोर तरीक़े से काम किया है। पार्टी ने भी बड़ी ज़िम्मेदारी दी है। वो राज्यसभा के सांसद रहे हैं, वो चुनाव में काम करेंगे। जूदेव परिवार हमेशा भाजपा के साथ रहा है। धर्मांतरण को लेकर केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के आने से धर्मांतरण बड़ा मुद्दा हो गया है। नारायणपुर और सुकमा में धर्मांतरण का कार्य हो रहा है। एसपी ने पत्र लिखा था कि धर्मांतरण बढ़ रहा, लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया। नारायणपुर की घटना इसलिए घटी क्योंकि एक आईपीएस की बात नहीं मानी गई। सरकार को रासुका लगाना पड़ा। कांग्रेस धर्मांतरण करने वालों को प्रश्रय दे रही थी।

वहीं अब तक कांग्रेस की पहली सूची जारी नहीं होने पर तंज कसते हुए केदार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश प्रभारी ने कहा था कि दो-तीन में कांग्रेस की सूची आ जाएगी, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष कुछ और बोलते हैं।

सूची फ़ाइनल करते ही लोग कुर्सी तोड़ने तैयार हैं, इसलिए ये भयभीत हैं। सभी बड़े नेता समझाकर जा रहे हैं। कांग्रेस में भयंकर असंतोष है।

# आधा दर्जन दोपहिया वाहनों की चोरी, 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने हेतु भी लगाया गया है। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की विशेष टीम द्वारा वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन करने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी इस संबंध में सूचना एकत्र कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने के प्रयास किये जा रहे थे। एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा आमानाका पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत सतनामी पारा टाटीबंध पास दो व्यक्ति दोपहिया वाहन बिक्री करने की फ़िराक में ग्राहक की तलाश कर रहें है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आमानाका को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों एवं वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम लक्ष्मण बारले उर्फदादू एवं नूतेन साहू उर्फनितिन साहू निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोनों से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गोल.मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा वाहन को चोरी का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा चोरी की अन्य वाहनों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनो के द्वारा दुर्ग के अलग.अलग स्थानों से कुल 06 नग दोपहिया वाहन चोरी कर रायपुर में छिपाकर रखना बताया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर कब्जे से चोरी की कुल 06 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 3,00,000 रूपये जप्त आरोपियों के विरूद्ध पृथक से थाना आमानाका में धारा 41;14379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपी लक्ष्मण बारले उर्फदादू शातिर दोपहिया वाहन चोर है जो पूर्व में भी थाना खमतराई से 10 नग दोपहिया वाहन चोरी के प्रकरण में तथा आरोपी नूतेन साहू उर्फनितिन साहू पूर्व में भी कई मामलों में जेल निरूद्ध रह चुका है।

# नेवरा पंप हाउस में मवेशियों की मौत, 3 आरोपी गिरफ्तार



- बीते दिनों पानी टंकी के पास बने पंप हाउस में कई गायों की हुई थी मौत
- पुलिस ने पशु क्रुरता अधिनियम के तहत किया मामला दर्ज

**तखतपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेवरा के पम्प हाऊस में मवेशियों के ठुस ठुस कर भरे जाने से हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने प्रार्थी रामचंद्र यादव की रिपोर्ट पर पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण संशोधन अधिनियम 2011 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा भादवि की धारा 429 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तीन आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 सितम्बर को नेवरा पानी टंकी के पास बने पम्प हाऊस में 15 मवेशीयों के मौत की रिपोर्ट गौठान अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने थाने में दर्ज करायी थी जिस पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस ने नेवरा में कई लोगों से पुछताछ किया और पुछताछ के दौरान सक के आधार पर गांव के ही आरोपी रंजीत बघेल, तितरा राम उर्फ कल्लू बंजारे को थाने में लाकर पुछताछ किया तब उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हीं के द्वारा ही मवेशीयों को पम्प हाऊस में बंद किया गया था।

इसके बाद पुलिस इन तीनों आरोपीयों के खिलाफ पशु करुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण संशोधन अधिनियम 2011 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा भादवि की धारा 429 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तीन आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# गाली गलौच के साथ की मारपीट

**तखतपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जमींन बिगाड़ने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विचारपुरकापा निवासी पुरूषोत्तम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 7 अक्टूबर की शाम 6 बजे उसका छोटा भाई एवं आरोपी परस यादव मां और पिता से जमींन बिगाड़ देने की बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था और जब पुरूषोत्तम ने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया।

# चौथी छत्तीसगढ़ राज्य महिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप रायपुर, भिलाई और दल्लीराजहरा में होगा आयोजन



**खिलाड़ियों को बांटे गए किट**

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में रायपुरए भिलाई एवं दल्लीराजहरा में 8 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2023 तक चौथी राज्य महिला फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा हैण् इस लीग में चयनित 60 बालिका खिलाड़ियों को आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में खेल किट वितरित किए इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष सह रायपुर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अली प्रधान खिलाड़ियों के साथ उपस्थित थे इस राज्य लीग चैम्पियनशिप में क्वालिफाई करने वाली टीम भारतीय महिला लीग चैम्पियनशिप में भाग लेंगी राज्य विमेन फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर की 50 बालिका खिलाड़ियों का भी चयन हुआ है सिन्हा ने सभी बालिका खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए लीग चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी दी इस अवसर पर खेल विभाग की वरिष्ठ फुटबॉल प्रशिक्षक सरिता कुजूर टोप्पो सहायक प्रशिक्षक कुमारी सरिता यादव टीएन रेड्डी भी उपस्थित थे।

# बाइक की ठोकर से महिला घायल

**तखतपुर, 8 अक्टूबर** (देशबन्धु)। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूपहिया वाहन चालक ने पदयात्री को ठोकर मार दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदी निवासी प्रार्थीयां सावन बाई गेंदले ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 5 अक्टूबर को वह अपने पति बेदी लाल के साथ खेत काम करने गई थी और शाम 6 बजे जब उसका पति वापस आ रहा था तभी दैजा निवासी पाल मरावी लापरवाही पूर्वक दूपहिया वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

# सामूहिक भंडारा 12 अक्टूबर को.

**तखतपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। पितृपक्ष के पावन अवसर पर राष्ट्र के समस्त ब्रह्मलीन ऋषि मुनि संत वीरांगनाएं एवं सर्व समाज के पूर्वजों की पावन स्मृति में 12 अक्टूबर दिन गुरुवार को बजरंग नगर तखतपुर में सामूहिक रूप से भंडारे का आयोजन वीरांगना अहिल्याबाई होलकर सेवा समिति तखतपुर के संयोजन में किया जा रहा है दोपहर 12:00 बजे से संध्या तक संचालित होंगे उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद पाली द्वारा दी गई है

# डागा कन्या महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में आज वन्य जीवन संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत जंतु विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी एस सी की समस्त छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा कुल 16 छात्राओं के समूह ने अपने पोस्टर को समझाया तथा निर्णायक दल के प्रश्नों के उत्तर दिए। कु वसी फातिमा बी एस सी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान कु लक्ष्मी और शिवानी बी एस सी प्रथम वर्ष ने द्वितीय पुरस्कारए कु भूमिका एवं गुप्र बी एस सी द्वितीय वर्ष ने तृतीय पुरस्कारएकु अफशिया खान एवं ग्रुप बी एस सी द्वितीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार तथा कु नंदिनी एवं ग्रुप बी एस सी प्रथम वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जंतु विज्ञान की सहायक प्राध्यापक सुश्री कुनिका शर्मा द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा डॉ पदमा शर्माए डॉ स्मृति अग्रवाल और सुश्री स्नेहा संदीप निर्णायक रहे। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापक और छात्राएं भी उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सड़क व पुल-पुलियां निर्माण गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ सर्वश्रेष्ठ

- राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों का किया परीक्षण

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय एजेंसी राष्ट्रीय ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देश के विभिन्न राज्यों में निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों की गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट जारी की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन सड़कों व पुल-पुलियों की जांच व परीक्षण पर गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्थिति में पाया गया। गुणवत्ता समीक्षकों ने गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत माह सितंबर में छत्तीसगढ़ के 41 सड़कों और पुल-पुलियों का परीक्षण किए थे। परीक्षण में सड़कों और पुल निर्माण गुणवत्तापूर्वक पाया गया था। गुणवत्ता समीक्षकों ने राज्य के 19 पूर्ण हो चुके कार्य, 10 निर्माणाधीन कार्य, 06 मरम्मत का कार्य और 06 पुल का परीक्षण किया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत माह सितंबर में किए गए जांच एवं परीक्षण में गुणवत्ताहीन शून्य प्रतिशत है। योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण विकास अभिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को छोड़ दे तो अन्य राज्यों में निर्माणाधीन सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण गुणवत्ता में कमी पाई गई है।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 अक्टूबर तक

### कलेक्टर ने सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को सौंपे दायित्व



**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जीपीएम जिले में आगामी 10 से 13 अक्टूबर तक किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे है। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में राज्य के पांचों संभाग से 480 प्रतिभागी एवं ऑफिशिल्यस भाग लेगें। प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 में क्रिकेट और जिम्नास्टिक खेलों में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयुवर्ग के बालक-बालिका भाग लेंगे। सभी खेल मल्टीपर्पस एवं फिजीकल कॉलेज मैदान पेंड्रा और गुरूकुल खेल मैदान एवं जिम्नास्टिक हॉल गौरेला में आयोजित होंगें। कलेक्टर ने खिलाड़ियों के आवास स्थल एवं खेल मैदानों में सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, वाटर टैंकर, मच्छर रोधी फॉग स्प्रेइंग, खेल मैदानों में चलित बायो टॉयलेट, चिकित्सा सुविधा सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी है। उन्होने प्रतियोगिता शुरू होने के एक दिन पहले 9 अक्टूबर से ही खिलाड़ियों के आगमन को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड से आवास स्थलों तक खिलाड़ियों को लाने हेतु परिवहन की व्यवस्था के साथ ही उनके आवास, भोजन आदि के लिए संबंधित विभागों को दायित्व सौंपे है।

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग.राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड बीज भवन, जी.ई.रोड, तेलीबांधा, रायपुर- 492006**
फोन- 0771-4240501, फैक्स- 4094472, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.samb.cg.gov.in
क्र./ बी-6/ वि.स.क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण/ 63-01-01/ 23-24/ 4870 रायपुर, 05/10/2023

**ई-प्रोक्यूरमेंट (द्वितीय) निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal : http://samb.eproc.cgstate.gov.in

छ.ग.लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र अ'' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
ऑनलाईन निविदा डालने की अन्तिम तिथि - 25.10.2023
फिजिकल सबमिशन की अन्तिम तिथ - 31.10.2023

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर.विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | वि.स.क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण जिला दुर्ग अन्तर्गत ग्राम मतवारी में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण। | 122.55 | लो.नि.वि.भवन हेतु दि. 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |
| 2 | वि.स.क्षेत्र बेमेतरा वि.खं. बेरला अन्तर्गत ग्राम पंचायत आन्दू में किसान सामुदायिकभवन (धान खरीदी उप केन्द्र) | 25.76 | |
| 3 | वि.स.क्षेत्र बेमेतरा वि.खं. बेरला अन्तर्गत ग्राम पंचायत बहिंगा के हाट बाजार में विभिन्न निर्माण कार्य। | 29.13 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।
संवाद - 38949/2 प्रबंध संचालक

## सार-संक्षेप

### शाला त्यागी शून्य करने समावेशी कार्यशाला का आयोजन



**कोरबा-पाली,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। गैप एनालिसिस (आउट ऑफ स्कूल) कार्यक्रम समावेशी शिक्षा के अंतर्गत शाला त्यागी की प्रवृत्ति को रोकने के लिए दिव्यांग बच्चों के पालकों/अभिभावकों को उन्मुखीकरण किए जाने हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर प्राथमिक शाला रंगोले सभागार में किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी श्यामानन्द साहू के मार्गदर्शन में विकासखंड पाली के 54 संकुलों से आए हुए समस्त सक्रिय पालकों ने अपने बच्चों के साथ उपस्थिति दी। प्रशासनिक प्रतिवेदन में बीआरसीसी(समग्र शिक्षा) राम गोपाल जायसवाल ने कहा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत समग्र बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाएं,पश्चात उनकी सारी समस्याओं का निदान शासन करेगी। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनीराम मरकाम ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं अपितु वरदान है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.एन.साहू ने अपील की कि बच्चों में 21 प्रकार के दिव्यांगता के लक्षण परिलक्षित होने पर मुझे सीधे सूचित करें,जिससे समय रहते उपाय कर शासन की मंशा को फलीभूत कर सकें। कार्यक्रम में सुनील जायसवाल, एमटी बीआरपी श्रीमती माधुरी मोहड़ ने 21 प्रकार के दिव्यांगता की पहचान व शासन से मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी दी। पालकों ने भी कई प्रश्न पूछे जिनका समाधान किया गया। कार्यशाला में शाला प्रबन्ध समिति अध्यक्ष द्वय पूरन दास, चैन दास, शत्रुहन महन्त, पंच द्वय श्रीमती मछिंदरा बाई, नैन दास, दूरबीन दास, कंवल दास, अगुवाई -सीएसी/ वीरेंद्र जगत, जबान सिंह पैकरा, तुलसी जगत, निर्मल राठौर, गौरी शंकर साहू, जेल सिंह राज, शत्रुघन कँवर, रामप्रसाद श्याम, रामकृपाल, रविशंकर, ओमप्रकाश, असथिर दास, माखन,श्रीमती राजमती, श्रीमती सन्तोषी पैकरा, श्रीमती सुशीला महन्त, श्रीमती रामायण कुंवर, श्रीमती बंधन बाई, श्रीमती फुलकुंवर, श्रीमती लता महन्त, श्रीमती सुमन महंत आदि का सहयोग रहा।

### धर्म विशेष के प्रचार का विरोध, बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थाना



**कोरबा-कटघोरा,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटघोरा नगर के वार्ड 2 तहसील भाठा में एक व्यक्ति के द्वारा मोहल्ले में स्थित अपने ही निवास में धर्म विशेष का प्रचार कर आसपास के लोगों में परेशानी बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इस तरह का आरोप लगाते हुए नाराज मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में कटघोरा थाना पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक तेज कुमार यादव को अपनी समस्या से अवगत कराया और बताया कि उक्त व्यक्ति के द्वारा रोजाना अपने घर पर तेज़ आवाज़ में लाउडस्पीकर बजाकर धर्म विशेष का प्रचार किया जा रहा है। तेज आवाज के कारण बच्चे पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं। इसके पहले भी इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं किये जाने पर थाना पहुंचे। थाना प्रभारी ने तत्काल 112 की टीम को मौके पर भेजकर साउंड एम्पलीफायर को जप्त करवाया। मोहल्ले वासियों को पूर्ण आश्वस्त किया गया है कि दोबारा इस तरह की घटना न हो, इसके लिए समझाइस दी जाएगी। इस मामले में कटघोरा भाजयुमो मण्डल भी वार्डवासियों के समर्थन में थाना पहुंचा था। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति के घर की छत पर लगभग 200 से अधिक लोग दूसरा धर्म अपनाने के लिए हो रही सभा में पहुंचे थे। नाराज लोगों ने यहां जमकर हंगामा किया तो सूचना पर एसडीओपी, तहसीलदार व थाना प्रभारी पहुंचे। धर्म बदलने के लिए यहां आए लोगों को किसी तरह बाहर निकाल कर रवाना किया गया।

### भूमि आबंटित होने से गद्गद् सतनामी समाज, आभार जताया



कोरबा, 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला सतनामी कल्याण समिति के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सतनाम प्रांगण और पताढ़ी गुरुगद्दी धाम की जमीन, सतनामी समाज को आबंटित होने पर समाज के सदस्यों ने राजस्व मंत्री को धन्यवाद दिया है। समाज के लोगों ने महामाला और पुष्पगुच्छ देकर राजस्व मंत्री का अभिनंदन किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया व आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष यूआर महिलांगे, सचिव जीएल बंजारे, नारायण लाल कुर्रे, सुनील पाटले, आरडी भारद्वाज, दरस सतरंज, दीपक टंडन, भुनेश्वर कुर्रे, रवि खूंटे, श्रीमती त्रिवेणी मिरी, श्रीमती संगीता जांगड़े, रामचंद्र पाटले, आत्माराम पन्ना, विजय दिवाकर, सत्येन्द्र डहरिया, विनोद डहरिया, अनिकेत पाटले सहित समाज के लोग मौजूद थे।

### स्कूल का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

कोरबा, 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत एसईसीएल कॉलोनी में संचालित मिडिल व प्राथमिक स्कूल क्रमांक से लाखों की चोरी को अंजाम दिया गया है। रविवार की सुबह स्कूल परिसर में निर्माणाधीन भवन में काम करने मजदूर पहुंचे तो कार्यालय का दरवाजा खुला देख कर अनहोनी की आशंका हुई। मजदूरों ने प्रधान पाठक सुरेश कुमार वस्त्रकार को इसकी जानकारी दी। वे मौके पर पहुंचे और दफ्तर में जाकर देखा तो आलमारियां खुली व सामान अस्त-व्यस्त मिले। चोरों ने यहां से खेल सामाग्री, बर्तन व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित लगभग 3.50 लाख रुपए के सामानों की चोरी को अंजाम दिया है। सूचना पर मानिकपुर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# टिकट अभी फायनल नहीं, संभावित सूची पर मची है तकरार

## ननकीराम, रामदयाल और प्रेमचंद के नाम पर जताई जा रही आपत्ति





**कोरबा,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। आसन्न विधानसभा चुनाव 2023 में प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों प्रमुख दलों में कशमकश का दौर अभी भी जारी है। दावेदारों की धड़कनें जहां तेज हुई पड़ी हैं और वे अपने-अपने आकाओं के जरिए एप्रोच लगवा कर अपनी टिकट फायनल कराने की जुगत भिड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे तो संगठन के समक्ष भी ऊहापोह की स्थिति निरंतर बनी हुई है। इस बीच दोनों दलों के संभावित प्रत्याशियों की सूची सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो गई। सूची के वायरल होते ही विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं जबकि अभी फायनल सूची घोषित होना शेष है।

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संभावित प्रत्याशियों के नाम की सूची वायरल होने के बाद इसे अधिकांश लोगों ने सही मान लिया है। ऐसे में संभावित प्रत्याशियों के नाम को लेकर विरोध के स्वर भी कहीं दबी जुबान में तो कहीं मुखर होकर फूट रहे हैं। पहला विरोध पाली-तानाखार से पूर्व में कांग्रेस के विधायक रह चुके और बाद में भाजपा ज्वाइन करने वाले किंतु पिछले चुनाव में हार का सामना कर चुके रामदयाल उइके को लेकर शुरू हुआ। मांग उठी है कि इन्हें दुबारा मौका क्यों दिया जा रहा है जबकि वे पिछला चुनाव हार चुके हैं। पार्टी से और भी लोग प्रत्याशी के दावेदार हैं, जिन्हें मौका देना चाहिए।

इसी तरह कटघोरा से जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद पटेल का नाम भी संभावित सूची में सामने आने के बाद उनकी सक्रियता और क्षेत्र में मौजूदगी को लेकर विरोध शुरू हुआ है। प्रेमचंद पटेल के नाम को लेकर न सिर्फ कटघोरा विधानसभा बल्कि कोरबा विधानसभा के भी कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने आश्चर्य जताया है कि इस तरह से अगर प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे तो वरिष्ठों और अनुभवी लोगों के क्या मायने?

### ननकीराम को टिकट मिली तो सामूहिक इस्तीफा की चेतावनी

विरोध की कड़ी में अगला नाम रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा विधायक ननकीराम कंवर का सामने आ गया है। हालांकि ननकीराम कंवर के लिए शीर्ष संगठन ने भी सबसे पहला नाम उन्हीं का फायनल किया और यह तय हुआ कि रामपुर से वे फिर चुनाव लड़ेंगे। यहां से कुछ और लोग भी भाजपा से टिकट के लिए दावेदारी किए हुए हैं और वे जिला सहित प्रदेश संगठन के कुछ खास लोगों के करीबी होने के नाते कहीं न कहीं अब ननकीराम कंवर के नाम को लेकर विरोध का माहौल बनाना शुरू कर दिए हैं ताकि टिकट कट जाए और इंतजार में लगे दावेदार को मौका मिले। इस संबंध में जिला भाजपाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह को रामपुर विधानसभा के समस्त भाजपा कार्यकर्ता के नाम से करीब 3 दर्जन लोगों का हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा गया है। कहा गया है कि ननकीराम कंवर के द्वारा बहुत अच्छे ढंग से अपने कार्यकाल में सेवा दी गई लेकिन समय और आम जनता की मांग है कि विधानसभा में नए चेहरे के रूप में प्रत्याशी उतारा जाए। पार्टी का भी यहीं नियम है कि 75 वर्ष पूर्ण होने पर मार्गदर्शक मंडल में डाला जाता है। इसलिए नए चेहरे को मौका दिया जाए। यदि इस विषय पर ध्यान नहीं दिया गया तो रामपुर विधानसभा के सैंकड़ों कार्यकर्ता सामूहिक इस्तीफा देंगे जिसकी पूर्ण जवाबदेही संगठन की होगी।

# कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने तैयार रहें कार्यकर्ता : नीतिन

## विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में गरजे भाजपाई




**कोरबा,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के कोरबा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी नीतिन नवीन ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि कांग्रेस की अराजक सरकार को उखाड़ फेंकने का वक्त आ गया है, इसके लिए सभी तैयार रहें। सभा में अन्य वक्ताओं ने भी कांग्रेस की रीति-नीति पर प्रहार किया।

सरस्वती शिशु मंदिर कोरबा पूर्व में आयोजित सम्मेलन में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख भाजपा पदाधिकारी सहित कार्यकर्तागण शामिल हुए। यहां नीतिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। इसके अलावा चहुंओर अराजकता का माहौल है। कोरबा में भी कांग्रेस के नेताओं की कार्यशैली से जनता परेशान हो चुकी है। पिछले 5 वर्ष से क्षेत्र में ऐसा कोई भी कार्य नहीं हुआ है जिसे कांग्रेसी अपनी उपलब्धि बता सकें। सडक़ की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा मूलभूत समस्याओं का भी अंबार लगा हुआ है। भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में दौरा करने के दौरान लोगों से जानकारी मिल रही है कि क्षेत्र में विकास की गति शून्य हो चुकी है। खासकर नगर निगम की कार्यशैली से जनता काफी परेशान हैं। स्थानीय विधायक द्वारा जनहित में किसी तरह का कार्य नहीं किया गया है जबकि वे पिछले 15 वर्षों से विधायक हैं। इस बार जनता अपना मन बदल चुकी है। रामपुर विधायक ननकीराम कंवर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लांबा, प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने भाजपा में प्रवेश किया जिनका वरिष्ठ नेताओं ने मंच पर स्वागत कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चावलानी, देवेन्द्र पाण्डेय, केदारनाथ अग्रवाल, गोपाल मोदी, नवीन पटेल, अजय विश्वकर्मा, परविंदर सिंह, शिवबालक सिंह तोमर, ईश्वर साहू, मनीष मिश्रा, संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, नरेन्द्र देवांगन, वैशाली रत्नपारखी, उमादेवी सराफ, ज्योति वर्मा, श्रीमती मंजू सिंह आदि भी उपस्थित थे।

## स्थैतिक निगरानी, उड़न दस्ता व अन्य दलों का प्रशिक्षण आज

**कोरबा,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संपादन हेतु जिले में गठित स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल, वीडियो निगरानी दल व लेखा अधिकारियों के दलों का 09 अक्टूबर 2023 को जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित की गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सभाकक्ष में 9 अक्टूबर को जिला मास्टर ट्रेनर प्रातः 11 से 12 बजे तक विधानसभा क्षेत्र कमांक - 20 रामपुर एवं क्रमांक - 21 कोरबा हेतु गठित स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल के साथ नियुक्त पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही विधानसभा क्षेत्र कमांक - 22 कटघोरा एवं क्रमांक - 23 पाली तानाखार हेतु गठित स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल के साथ नियुक्त पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण उक्त तिथि को दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक आयोजित किया गया है। इसी प्रकर निर्वाचन 2023 हेतु गठित वीडियो अवलोकन दल एवं वीडियो निगरानी दलों के सभी अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण 09 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक आयोजित है एवं व्यय नियंत्रण हेतु बनाई गई लेखा टीम के सभी अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में रखी गई है। सभी गठित दलों के अधिकारी कर्मचारियों को उक्त निर्धारित तिथि व समय पर अपने दलों के साथ प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए है।

## अमृत कलश राजस्व मंत्री विधायक को सौंप पंच प्रण की ली शपथ




**कोरबा,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को अमृत कलश के माध्यम से गोदग्राम में घर घर जाकर तथा जन प्रतिनिधियों से मिलकर प्रत्येक घर से मिट्टी एकत्रित कर अमृत कलश को नई दिल्ली स्थित वार मेमोरियल के पास बनने वाले राष्ट्रीय अमृत वाटिका के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

इसी कड़ी में कमला नेहरु महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसवकों द्वारा जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में प्रदेश के राजस्व मंत्री से उनके कार्यालय जाकर अमृत कलश भेंटकर पंच प्रण की शपथ ली गई। कार्यक्रम अधिकारी जी एम उपाध्याय के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने रामपुर विधायक ननकी राम कंवर के घर जाकर मिट्टी हाथ में लेकर पंच प्रण की शपथ ली तथा उन्हें अमृत कलश भेंट किया। शासकीय उच्चातर माध्यमिक विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र साहू की बाड़ी से पौधे प्राप्त कर गोद ग्राम भादा में निर्मित हसदेव अमृत वाटिका में रोपित किए गए। सरपंच श्रीमती सुनीता माझी व अन्य के द्वारा घर-घर जाकर अमृत कलश हाथ में लेकर मिट्टी संग्रहित की गई।

# जनपद सदस्य पुत्र व साथी पर एफआईआर दर्ज

## राखड़ बांध में कार्यरत सुपरवाइजर से मारपीट व धमकी का मामला

**कोरबा,** `8 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीएसईबी के राखड़ बांध में कार्यरत निजी सुपरवाइजर का रास्ता रोक कर गाली-गलौच व धमकी देकर मारपीट करने के लिए पीछा करने वाले जनपद सदस्य के पुत्र व उसके साथी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

जानकारी के अनुसार दौलतराम पटेल पिता स्व. रामनारायण पटेल 35 वर्ष निवासी ग्राम पंडरीपानी थाना सिविल लाइन सीएसईबी के राखड़ बांध गोढ़ी में प्रायवेट ठेका कंपनी मेसर्स जेके कंस्ट्रक्शन के अधीन सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। घटना दिनांक 3 सितंबर को जब वह ग्राम बेंदरकोना से अपने पुत्र सुमित पटेल 13 वर्ष के साथ मोटर साइकिल से पंडरीपानी आ रहा था तब बेंदरकोना तालाब के पास शाम करीब 7.3 बजे जनपद सदस्य श्रीमती सावित्री बाई गंगोली का पुत्र आशीष गंगोली ने अपने साथी सोनू सारथी के साथ मिलकर रास्ता रोका। गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। डर के मारे दौलत राम अपने पुत्र के साथ वहां से भाग रहा था तो मारपीट करने के लिए काफी दूर तक दोनों ने पीछा भी किया। पीड़ित दौलत राम ने इस संबंध में शिकायत करते हुए बताया है कि आशीष गंगोली आए दिन क्षेत्र की आम जनता, शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों, लोक सेवक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ झगड़ा, गाली-गलौच, दुर्व्यवहार की घटना करता रहता है और अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर अपने निजी स्वार्थवश लोगों को डराता-धमकाता रहता है और उसके विरूद्ध कई अपराधिक प्रकरण दर्ज है। दौलत राम का आरोप है कि कई बार उसके साथ तथा उसके साथ काम करने वाले लोगों को भी डरा-धमका कर अपना निजी स्वार्थ प्राप्त करना चाहता है। सिविल लाइन पुलिस ने दौलत राम की रिपोर्ट पर आशीष गंगोली व सोनू सारथी के विरूद्ध धारा 294, 34, 341, 56 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की है।

## अजीत कुमार दास का निधन, आज अंतिम संस्कार



**कोरबा,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा के सेंट्रल वर्कशाप से सेवानिवृत्त 68 वर्षीय अजीत कुमार दास निवासी दादर रोड का रविवार को हृदयाघात से आकस्मिक दु:खद निधन हो गया। वे श्रमिक संगठन एचएमएस के पूर्व सचिव रह चुके थे।

अजीत कुमार के निधन की खबर से परिजनों सहित शुभचिंतकों व श्रमिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वे अपने पीछे पत्नी सहित पुत्र इंजी. अनिमेष कुमार, पुत्री इंजी. जेनिफर व शैफालिका दास यूएसए सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को शाम 4 बजे पुराना कब्रिस्तान मिशन रोड में किया जाएगा।

# 4 किलो वजनी ट्यूमर निकालकर बचाई जिंदगी

## पेट दर्द को नजरअंदाज करते बढ़ने लगी थी तकलीफ



**कोरबा,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। पेट के दर्द को बार-बार नजर अंदाज करना बड़ी बीमारी की वजह बन सकता है। कई बार ये जानलेवा भी साबित हो सकता है। ऐसा ही एक मामला पिछले दिनों सामने आया। चिकित्सक ने गर्भाशय कैंसर से पीड़ित महिला के पेट की दुर्लभ सर्जरी कर 4 किलो वजनी ट्यूमर निकाला है।

इस ट्यूमर का आकार एक गर्भस्थ शिशु जैसा था। सबसे गंभीर बात यह रही कि मरीज के द्वारा बीमारी की बात सामने आने के बावजूद उसे नजरअंदाज किया जाता रहा। इस वजह से ट्यूमर बढ़ता चला गया और वह नौ माह के भ्रूण के बराबर भारी हो चुका था। मरीज को पेट में दर्द की शिकायत थी। उसे मेनोरेगिया (मासिक धर्म में असामान्य रूप से उच्च रक्तस्राव) के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था।

0 ट्यूमर लीवर से चिपकने की वजह से बढ़ गया था खतरा

बीमारी के बारे में डॉ. ज्योति श्रीवास्तव को पता चला कि महिला को गर्भाशय के नीचे कई वर्षों से दर्द हो रहा था। उस वक्त इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। डॉक्टरों ने जब जांच की तो पता चला कि वह ट्यूमर बढ़कर चार किलोग्राम के आसपास का हो गया था और पेट के कई हिस्सों तक फैल गया था और लीवर से भी चिपका हुआ था। इससे मरीज की जान को खतरा बढ़ गया था। इसलिए उसकी सर्जरी जटिल थी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि ट्यूमर रक्त कोशिकाओं से भरा हुआ था। इस वजह से ऑपरेशन के दौरान मरीज को अत्यधिक रक्तस्राव होने का खतरा भी था। इसके अलावा ट्यूमर कैंसर का कारक होने के कारण एक साथ पूरा निकालना जरूरी था। इसलिए पहले लेप्रोस्कोपी तकनीक से एक छोटा छेद कर महत्वपूर्ण अंगों से जुड़े ट्यूमर की रक्त कोशिकाओं को अलग किया गया। इसके बाद ओपन सर्जरी तकनीक से ट्यूमर को निकाल लिया गया। अब मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर अपने घर जा चुकी है। परिजनों ने डॉ. ज्योति श्रीवास्तव सहित एनकेएच टीम का आभार जताया है।

## शटर का ताला तोड़कर नगदी की चोरी

**कोरबा,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य मार्ग में संचालित किराना दुकान के शटर का ताला तोड़कर गल्ले से नगदी रकम की चोरी कर ली गई। महाराणा प्रताप नगर निवासी किशोर चावलानी की किराना दुकान कोतवाली थाना अंतर्गत मुख्य मार्ग में मनोहरलाल किशोर कुमार के नाम से संचालित है। 5 सितंबर को शाम करीब 5 बजे दुकान बंद कर शटर में ताला लगाकर किशोर चावलानी घर आ गया था। 6 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे दुकान पहुंचा तो शटर में लगे दोनों ताला टूटा हुआ पाया।

शटर उठाकर भीतर जाने पर काउंटर के गल्ला में रखे 100, 200, 500 व 10 रुपए के नोट कुल 30 हजार रुपए नगदी की चोरी कर ली गई थी। किशोर चावलानी की रिपोर्ट पर धारा 380, 457 भादवि के तहत अज्ञात चोर के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# सार-संक्षेप


## नगर के अग्रसेन वार्ड में बनेगा स्विमिंग पूल



**सुरजपुर** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल ने शहर को एक बड़ी सौगात स्विमिंग पूल की दी है। उन्होंने वॉर्ड पार्षद मंजूलता गोयल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नगर के अग्रसेन वार्ड में स्विमिंग पूल निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर विधिवत कार्य प्रारंभ कराया।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय में लंबे समय से स्विमिंग पूल की मांग की जा रही थी। नगर पालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल और परिषद के सभी सदस्यों के द्वारा स्विमिंग पूल निर्माण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल से आग्रह किया जा रहा था। नगर पालिका अध्यक्ष ने जन आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्विमिंग पूल के लिए तकनीकि टीम से नगर के विभिन्न वार्डों में सर्वे कराया और नगर के अग्रसेन वार्ड स्थित हाई स्कूल खेल परिसर में स्विमिंग पूल के लिए उपयुक्त उपयुक्त स्थान मिलने पर लगभग 3.50 करोड रुपए की लागत से बनने वाले स्विमिंग पूल के निर्माण के लिए सार्थक पहल की। प्रथम चरण में शिक्षा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर निकाय मद से 2 करोड रुपए का प्रावधान किया गया और स्विमिंग पूल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। द्वितीय चरण में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से चेंजिंग रूम, पाइप लाइन, बोरवेल, चार दिवारी, प्रबन्धन कक्ष, लाईटिंग व अन्य कार्य होंगे। इस दौरान नपा अध्यक्ष के के अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल, पार्षद मंजू गोयल, अनिता रजक, पार्षद वीरेंद्र बंसल, पार्षद संजय डोसी, पार्षद अश्वनी सिंह, पार्षद राम सिंह, पुष्प लता पवन साहू, पुष्प लता गिरधारी साहू, एल्डरमैन त्रिलोक मेहरा, अजय सिंह, वरिष्ठ नागरिक शिव स्नेही शास्त्री, पवन अग्रवाल, पप्पू खत्री, रामबाबू देवांगन, नीरज देवांगन, देश दीपक दीवान, प्रवीण तिवारी, कन्हैया सारथी, यश अग्रवाल, बाबा खान समेत अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस विभाग में हुआ फेरबदल




**रायगढ़** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्रवाई में कसावट लाने के उद्देश्य से एक बार फिर से विभाग में फेरबदल किया है। जिसके तहत पांच थाना प्रभारियों के अलावा 21 पुलिस अधिकारियों को एक जगह से दूसरे जगह भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के नाम से जारी इस आदेश में निरीक्षक राकेश मिश्रा को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी खरसिया, निरीक्षक विजय चेलक को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी कोतरा रोड़, निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी पूंजीपथरा, निरीक्षक सौरभ द्विवेदी को थाना प्रभारी खरसिया से चैकी प्रभारी खरसिया के अलावा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को पूंजीपथरा थाना से रक्षित केन्द्र भेजा गया है। इसके साथ ही 5 उपनिरीक्षक, 03 सहायक उप निरीक्षक एवं 8 आरक्षकों को अलग-अलग जगह भेजा गया है। उप निरीक्षकों में मनीषकांत को चैकी प्रभारी खरसिया से थाना खरसिया, ऐनूकुमार देवांगन को रक्षित केन्द्र से चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द, अमृतलाल साहू को रक्षित केन्द्र से थाना जूटमिल, मदन पाटले को रक्षित केन्द्र से थाना छाल, अमरनाथ शुक्ला को रक्षित केन्द्र से थाना कोतवाली वहीं सहायक उप निरीक्षकों में मनोज पटेल, रक्षित केन्द्र से चैकी खरसिया, सुरेन्द्र वर्मा रक्षित केन्द्र से थाना लैलूंगा, चंदन सिंह नेताम थाना लैलूंगा से थाना पूंजीपथरा के अलावा 08 आरक्षकों के प्रभार बदले गए हैं।

## खरसिया एसडीओपी निमिषा पांडे व ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी को जिला पुलिस ने दी विदाई



**रायगढ़** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा जिले से स्थानांतरित हुए एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुशांतो बनर्जी का कार्य मुक्त आदेश जारी किया गया है, जिन्हें पुलिस कंट्रोल रूम क्राइम मीटिंग में औपचारिक विदाई दी गई।

उल्लेखनीय रहे कि निमिषा पांडे सितंबर 2021 से एसडीओपी खरसिया के पद पर कार्यरत रही, वहीं डीएसपी सुशांतो बनर्जी फरवरी 2023 से ट्रैफिक डीएसपी का कार्यभार संभाले हुए थे। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने निमिषा पांडे और सुशांतो बनर्जी के साथ ड्यूटी के यादगार पलों को साझा कर दोनों अधिकारियों से कई अनसुलझे मामलों में मिले मार्गदर्शन तथा लाइन आर्डर ड्यूटी में उनके नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने दोनों अधिकारियों को जिम्मेदार अधिकारी बताते हुये, उनके कार्यों, नेतृत्व क्षमता की सराहना किये और उन्हें मोमेंटो देकर नई पदस्थापना के लिये शुभकामनाएं दिया गया। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी उन्हें पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। वहीं आज उप पुलिस अधीक्षक प्रभात पटेल जिले में आमद आकर एसडीओपी खरसिया का चार्ज लिया गया है।

# प्रतापपुर सीट से कांग्रेस जिपं अध्यक्ष राजकुमारी पर लगा सकती है दांव

### पति शिवभजन का भी टिकटार्थियों में नाम, जिला कांग्रेस के हैं उपाध्यक्ष

प्रतापपुर हाई प्रोफाइल सीट

पिछले चुनाव में इस सीट से जीते डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम मौजूदा कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। इसी सीट से जीतकर भाजपा के रामसेवक पैकरा राज्य के गृहमंत्री बने थे। इस सीट पर दिग्गजों की नजर हमेशा रही है। पूर्व गृहमंत्री रामविचार नेताम इस सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन जीत की संभावनाओं की दृष्टि से भाजपा ने उन्हें उनके पुराने निर्वाचन क्षेत्र रामानुजगंज से ही चुनाव मैदान में उतारा है।





**सूरजपुर** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले की प्रतापपुर विधानसभा सीट से भाजपा ने महिला प्रत्याशी मैदान में उतारा है। अगर कांग्रेस ने भी महिला प्रत्याशी पर ही दांव लगाना चाहा तो वह जिला पंचायत की अध्यक्ष राजकुमारी सिंह मरावी को मैदान में उतार सकती है।हालांकि उनके पति शिवभजन सिंह मरावी भी यहां से दावेदार हैं,जो जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हैं। यह सीट पूर्व मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम की सीट है। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद पार्टियों पर महिलाओं को अवसर देने का दबाव भी है।

अजजा वर्ग के लिए सुरक्षित प्रतापपुर सीट से टिकट के दावेदारों की कमी नहीं है। भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की पहली ही सूची में इस सीट से प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। भाजपा ने शकुन्तला पोर्ते को यहां से प्रत्याशी बनाया है,वह पेशे से वकील हैं। कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। भाजपा की महिला प्रत्याशी से मुकाबले के लिए कांग्रेस भी यहां महिला प्रत्याशी पर दांव लगा सकती है । जिला पंचायत की अध्यक्ष राजकुमारी सिंह मरावी का नाम संभावित प्रत्याशियों की लिस्ट में शामिल है। महिला आरक्षण बिल की भी चुनावों में चर्चा हो रही है। महिलाओं के प्रति पार्टियों के नज़रिए को परखा जा रहा है कि कौन सी पार्टी महिलाओं को कितना अवसर देने जा रही है। इससे भी राजकुमारी को अवसर मिलने की संभावना को बल मिल रहा है।जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी ने अपने कार्यकाल में इस क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की भरसक कोशिश की है। उनके इस काम में उनके पति का भी भरपूर साथ मिला है। गांवों में बिजली, पानी और सड़क जैसी सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों को राहत मिली है। दूसरी ओर उनके पति शिवभजन सिंह मरावी भी दावेदारों में शामिल हैं। वह जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष भी हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में उनकी सक्रियता बनी रहती है। क्षेत्रीय हित के मुद्दों पर वह लगातार काम करते रहे हैं। समाज सेवा में रूचि की बदौलत वह क्षेत्र में समाजसेवी के रूप भी पहचाने जाते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए करीब पांच सौ लोगों को अस्पताल पहुंचाने में मदद कर चुके हैं। हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण हाथियों से लोगों की सुरक्षा के लिए हुए आंदोलनों में मरावी दंपती की भूमिका लोगों का ध्यान खींचती रही है।

तमोर पिंगला अभ्यारण में रेस्क्यू केंद्र के निर्माण को इन आंदोलनों से जोड़कर देखा जाता है ।प्रतापपुर विधानसभा सीट राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण सीट है। जाहिर है राजनेताओं की सक्रियता यहां बनी रहती है। विधानसभा चुनाव के लिए यहां से टिकट के लिए कांग्रेस में दावेदारों की लंबी सूची है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिंह मरावी और उनके पति शिवभजन सिंह मरावी, दोनों चेहरे अपनी कार्यशैली से क्षेत्र में खासा दखल रखते हैं। पार्टी इन पर दांव लगा सकती है ।जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में राजकुमारी मरावी के कार्यकाल में प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव में जहां सोलर पंप स्थापित कराए गए वहीं नल जल योजना के तहत घर-घर में पानी पहुंचाने का काम तेजी से पूरा करने की कोशिश की गई।

### गांवों को सड़कों से जोड़ा

लो वोल्टेज की समस्या से अधिकतर गांवों को निजात मिली और पहुंच विहीन क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ा गया। सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए प्रतापपुर क्षेत्र में करीब 4 लघु सिंचाई तालाबों का निर्माण कराया गया। इस सीट से दोनों अपने काम के आधार अपनी दावेदारी पेश की है। पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं का भी इन्हें अच्छा समर्थन मिला है। बहरहाल,कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची का सभी को इंतजार है।

## बिग बाजार को देने होंगे मेंबरशिप के पैसे वापस

**रायगढ़** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायगढ़ ने संजीव पांडे वरिष्ठ कर सहायकआयकर विभाग रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत एक वाद मेंअपना एक पक्षीय निर्णय देते हुए बिग बाजार को मेंबरशिप के पैसे वापस करने और 1000 क्षतिपूर्ति तथा 1000 वादव्यय देने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फ्यूचर रिटेल लिमिटेड के द्वारा कई शहरों में बिग बाजार के नाम पर एक रिटेल स्टोर खोला गया था जिसका मुख्यालय नॉलेज हाउस श्याम नगर विकोली लिंकरोड जोगेश्वरी ईस्ट मुंबई महाराष्ट्र है बिग बाजार ने एक योजना अपने ग्राहकों के लिए जारी की थी जिसमें उसने एक कार्ड बनाकर अपने कस्टमर को दिया था जिसके अंतर्गत ग्राहक से 11000 रुपए की राशि ली गई थी इस कार्ड केआधार पर खरीदारी करने पर बिल में से कुछ रकम छूट के रूप में ग्राहक को प्रदान की जाती थी।

# नट गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। 27 सितंबर के सुबह बैंक से रूपये निकालने वाले युवक का पीछा कर केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास अज्ञात आरोपियों द्वारा युवक के मोटरसाइकिल डिक्की में रखें नगद 9 लाख रुपए लूटकर भाग जाने के मामले में कोतवाली पुलिस के हाथ सफलता लगी है।जानकारी के मुताबिक 27 सितंबर के दोपहर कोतवाली पुलिस को स्थानीय व्यक्तियों से सूचना मिली कि बैंक ऑफ बड़ौदा, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास एक युवक के मोटरसाइकिल से रूपयों की उठाईगिरी हुई। सूचना मिलते ही तत्काल एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के साथ थाना कोतवाली एवं साइबर सेल के स्टाफ मौके पर पहुंचे।

घटना के संबंध में जय मां नाथल दाई क्रेशर उद्योग टिमरलगा चंद्रपुर के सुपरवाइजर पीड़ित मनोज कुमार डनसेना ने बताया कि उसके क्रेशर मालिक मनीष अग्रवाल द्वारा दिये गये 9 लाख रूपये के सेल्फ चेक को कैश कराने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आया था। बैंक से चेक का आहरण कर रूपयों को अपने मोटरसाइकिल के डिक्की पर रख कर केवड़ाबाड़ी चैक की ओर जा रहा था, तभी चैक पर ट्रैफिक जाम के बीच अज्ञात व्यक्तियो द्वारा डिक्की से रूपये निकाल लिये। पीड़ित द्वारा घटना के संबंध में दिये गये लिखित आवेदन पर लूट का अपराध परिलक्षित होने से सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया।

कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया जिसमें संदेहियों आरोपियों के प्राप्त फुटेज को स्थानीय मुखबिरों एवं दिगर जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ शेयर कर जानकारी जुटाया गया। आरोपियों के तरीका-ए-वारदात, फुटेज तथा हुलिये से संदेहियों के थाना कापू व पत्थलगांव थाना क्षेत्र के नट गिरोह के आरोपियों से मिलन होने पर तत्काल एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना कोतवाली के साथ साइबर सेल, थाना धरमजयगढ़, लैलूंगा स्टाफ की अलग-अलग टीमें बनाकर संदेहियों की धर पकड़ के लिए लगाया गया। टीमें सभी वांछित संदेही सकुनत एवं मिलने के स्थान पर दबिश दी, सभी फरार थे।

# आरटीआई की धज्जियां उड़ाता नगर पंचायत घरघोड़ा

**रायगढ़** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुर्खियों में रहने वाला घरघोड़ा नगर पंचायत कांग्रेस द्वारा देश को दिए गये सूचना के अधिकार अधिनियम की खुली धज्जियां उड़ा रही है पूर्वी केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने इस अधिनियम को इसलिये लायी थी कि आम आदमी ये जान सके कि आखिर शासन की योजनाओं का पालन कैसे हो रहा है भस्टाचार मुक्त की कल्पना व पारदर्शिता बनी रहे और लोग उसका सदुपयोग कर सके पर यहां घरघोड़ा नगर पंचायत में इसके उल्ट सूचना के अधिकार के आवेदनों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया जा रहा है।




बताया जाता है कि वर्तमान में जनसूचना अधिकारी के रूप में स्थापना लिपिक सहायक राजस्व निरीक्षक शम्भू पटनायक जो कि बिगत 7 सालों से घरघोड़ा नप में पदस्थ है को बनाया गया है उनके द्वारा सूचना के अधिकार के लगाये दर्जनों आवेदनों से एक भी जानकारी इनके द्वारा नही दी जा रही है इसके पीछे बताया जाता है कि शासन की राशियों को भारी मात्रा में भस्टाचार किया जा रहा है जानकारी देने पर सारा मामला स्वमेव सामने आ जायेगा इसलिये जानकारी देने में हिलहवाला किया जा रहा है सूचना के अधिकार के तहत तीस दिवस के पश्चात भी जानकारी ना देने पर प्रथम अपीलीय अधिकारी सीएमओ घरघोड़ा को भी आवेदन लगाया गया है पर उनके द्वारा भी गम्भीरता ना दिखाना इस बात को स्पष्ठ करता है। कही ना कही घरघोड़ा नगर पंचायत में शासकिय योजनाओं में भस्टाचार का खेल निरन्तर जारी है । नियमो के अनुसार जन सूचना अधिकारी का पद उपअभियंता के पास ही होता है पर यहां सहायक राजस्व निरीक्षक शम्भू पटनायक को यह जिम्मेदारी दी गयी है पूर्व में उपअभियंता यह जिम्मेदारी सम्हालते थे तब सूचना के अधिकार की जानकारी समय पर मिल जाती थी।

उच्च अधिकारियों के पास की जायेगी शिकायत- सोमदेव मिश्रा नप के पूर्व एल्डरमेन ओर आरटीआई कार्यकर्ता सोमदेव मिश्रा ने कहा कि बड़ा दुर्भाग्य जनक स्थिति है कि शासन की महत्वपूर्ण अधनियम सूचना के अधिकार का पहली बार घरघोड़ा नप में खुला मखौल उड़ाया जा रहा है। मेरे खुद के लगाये आवेदनों पर आज पर्यंत तक कोई जानकारी उपलब्ध नही कराई गई है मेरे द्वारा प्रथम अपील भी की गई है अब उच्च अधिकारियों के पास शिकायत भी दर्ज कराई जावेगी ओर कार्यवाही की मांग की जायेगी। देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस विषय को कितनी गम्भीरता से लेते है।

## रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने रायगढ़ नगर के कई मोहल्लों में किया पौधा वितरण

**रायगढ़** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा रायगढ़ नगर के धांगर डिपा, दर्री डिपा व बेनीकुंज में पौध वितरण किया गया। पृति पक्ष को दृष्टिगत रखते हुए, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पितरों के नाम एक पौधा लगाने की अपील की जा रही है। हिन्दू सनातन मान्यताओं के अनुसार पृतिपक्ष में पितरों की आत्म शांति के लिए पूजा अर्चना की जाती है।

इस अवसर पर सुनील रामदास ने कहा कि प्रकृति हमारे पितरों की संजोयी गयी, हमारी रक्षा उपकरण है और वृक्ष उसके अवयव हैं। इसलिए आइए हम सब मिलकर इस पृतिपक्ष में अपने पितरों के नाम पर एक पौधा लगाएं और उसे वृक्ष में परिवर्तित करने का प्रयास भी करें। इन विचारों के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है और इसके अंतर्गत नगर सहित ग्रामीण अंचल में लोगों में पौधे वितरित किए जा रहे हैं। धांगर डिपा निवासी सर्व श्री गोवधर्न, झाड़ूराम सारथी, रोहित देवांगन, विजय शर्मा, बब्लू यादव, जागेश्वर निषाद, राधेश्याम निषाद, जगतराम यादव, संतराम यादव, सुक्रिता नायक, सरिता तिवारी, प्रमोद पटेल सहित सैकड़ों गणमान्य जन और दर्री डिपा, बेनीकुंज के अमन श्रीवास, प्रेम चैहान, श्याम सिंह ठाकुर, राधे चैहान, शौकीलाल चैहान, कार्तिक सिदार, मुरली देवांगन, मन्नू चैहान, दुसिया सिदार, भूरी चैहान, कविता चैहान, बुढधियारिन चैहान सैकड़ों गणमान्य जन ने रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# एमसीबी जिले का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं - कमरो

### विधायक कमरो ने फीता काटकर सीएचसी और नगर पंचायत का किया शुभारंभ




**मनेन्द्रगढ़** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने एमसीबी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति प्रदान करते हुए नागपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जनकपुर में नगर पंचायत का फीता काटकर शुभारंभ किया। नवगठित जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नागपुर के 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन होने पर अब एमसीबी जिले में मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर, केल्हारी और नागपुर को मिलाकर कुल 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हो गए हैं। क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत विधायक गुलाब कमरो द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए लगातार पहल की जाती रही है। उनके प्रयासों से ही शासन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नागपुर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नयन कर पदों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। विधायक ने कहा कि सीएचसी का दर्जा मिलने और पदों की स्वीकृति से मरीजों को समय पर इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी की जिंदगी में स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की क्या अहमियत होती है, इसे हमारी सरकार ने गहराई से महसूस किया है, जिसकी वजह से आज नए जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अंतर साफ नजर आता है। सीएमएचओ डॉ. सुरेश तिवारी भी नागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ पर प्रसन्नता जताई और इसके लिए क्षेत्रीय विधायक कमरो को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य आरती सिंह, सरपंच तेज कुंवारी, रमेश सिंह, सोनसाय एवं हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत जनकपुर के नगर पंचायत में उन्नयन होने पर विधायक ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में फीता काटकर नगर पंचायत जनकपुर का शुभारंभ कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी और कहा कि अब नए जिले का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं रह गया है। इसके साथ ही विधायक कमरो ने जल जीवन मिशन अंतर्गत 26 करोड़ 68 लाख 87 हजार की लागत से मूर्त रूप लेने वाले 29 ग्रामों की घुटरा समूह जल प्रदाय योजना का विधिवत भूमि पूजन किया।

# कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही- रघुवर

### कोयला, महादेव सट्टा एप, शराब के धंधे में बदनाम हुआ छत्तीसगढ़ छ ग सरकार कांग्रेस पार्टी का ए टी एम




**चिरमिरी** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की बघेल बैंक चल रही है और इस बैंक में पैसा जनता जमा नहीं करती बल्कि कोयला, महादेव सट्टा एप, शराब का सिंडिकेट चलाने वाले लोग जमा करते हैं। कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। सत्ता में आने के लिए कांग्रेसियों ने सरगुजा संभाग के लोगों को बरगलाया कि यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो क्षेत्र के शीर्ष नेता टी. एस. सिंहदेव को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा । क्षेत्र की जनता ने बड़ी आशा एवं उम्मीद के साथ कांग्रेस को विजयी दिलाई वहीं अन्य क्षेत्र में ताम्रध्वज साहू को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही थी। लोगों को गुमराह कर भूपेश बघेल को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गत दिवस एसईसीएल विश्राम गृह में प्रेस वार्ता में कहीं । उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हमारी सरकार द्वारा न केवल वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा बल्कि उनका सशक्तिकरण भी किया है। आज दुनिया कह रही है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार दिल्ली दरबार का एटीएम है। इस सरकार के भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी का आधा पैसा दिल्ली दरबार को जाता है । छतीसगढ़ में शराब और सट्टेबाजी का कारोबार फल फूल रहा है । कांग्रेस सरकार ने शराबबंदी का वादा किया था, परंतु क्या हुआ शराबबंदी तो नहीं हुई । उल्टा 2000 हजार करोड़ का घोटाला जरूर कर दिया। सरकार ने तो शराब की होम डिलीवरी योजना तक चालू कर दी । प्रदेश के पूरे विधायकों को लूटपाट करने की खुली छूट दे दी गई है। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने अवैध कार्यों को सरक्षण दिया । जनहित का काम तो 5 वर्षों तक नहीं किया, लेकिन चुनाव नजदीक आते ही शिलान्यास की होड़ लगा दी है । कांग्रेस को शायद नही मालूम की काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है। श्री दास ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार का आलम यह है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का ओएसडी आज जेल में है । प्रदेश के प्राकृतिक संसाधन जैसे कोयला जिससे राज्य का राजस्व बढ़ता एवं प्रदेश का खजाना भरता, परंतु कोयले का अवैध धंधा चलाकर यह पैसा भूपेश बघेल बैंक के खाते में भेजा गया। आज माइनिंग सेक्रेटरी जेल में है तीन-तीन आईएएस जेल में है और मुख्यमंत्री के ओएसडी भी जेल में है । ऐसी सरकार के खिलाफ जनता अब परिवर्तन का मन बना लिया है। झारखंड के पूर्व सीएम ने प्रेसवार्ता के दौरान पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। इस दौरान उन्होंने महिला आरक्षण बिल को लेकर भी पीएम मोदी की सराहना की। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती दी कि जनता आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जवाब देगी । छत्तीसगढ़ की पहचान सरल, सादगी, ईमानदार और अपने मानवीय मूल्यों की विरासत के रूप में है । इसी वजह से छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कहा जाता है। लेकिन बीते 5 वर्षों में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने इनको कलंकित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मेरे पूर्वज भी छत्तीसगढ़ से ही है और रोजी- रोटी के लिए झारखंड चले गए थे। ऐसी सरकार के खिलाफ जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानी, पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीमती चंपा देवी पावले, अरविंद अग्रवाल, श्रीमती मुनमुन जैन, मनोज जैन एवं ओमप्रकाश अग्रवाल मौजूद रहे।

# सार-संक्षेप

## खरसिया एसडीओपी निमिषा पाण्डेय को पत्रकारों ने दी विदाई



**खरसिया** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के खरसिया में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती निमिषा पाण्डेय का स्थानांतरण जशपुर जिले में किया गया है आज श्रीमती पाण्डेय के कार्य मुक्त होने पर श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के अध्यक्ष कैलाश शर्मा एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं सचिव प्रहलाद बंसल तथा जगदीश मित्तल द्वारा श्रीमती पाण्डेय के खरसिया कार्यकाल के दरमियान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर श्रीमती निमिषा पाण्डेय ने खरसिया नगर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं सभी पत्रकारों को उनके द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया एवं उनके व्यवहार की सराहना की। बताते चलें की विगत दिवस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा जिले से स्थानांतरित हुई एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे का कार्य मुक्त आदेश जारी किया गया है, जिन्हें पुलिस कंट्रोल रूम क्राइम मीटिंग में औपचारिक विदाई दी गई। निमिषा पाण्डेय सितंबर 2021 से एसडीओपी खरसिया के पद पर कार्यरत रही।

विदाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने निमिषा पांडे के साथ ड्यूटी के यादगार पलों को साझा करते हुए उनके कई अनसुलझे मामलों में मिले मार्गदर्शन तथा लाइन आर्डर ड्यूटी में उनके नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा कि गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने उन्हें जिम्मेदार अधिकारी बताते हुये, उनके कार्यों, नेतृत्व क्षमता की सराहना कि और उन्हें मोमेंटो देकर नई पदस्थापना के लिये शुभकामनाएं दी। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी उन्हें पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## वन्यप्राणी सरंक्षण सप्ताह का समापन छात्रों की रैली से हुआ



**सारंगढ** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दिनों पूर्व से हाथियों की लगातार आवाजाही व इसके तारतम्य में लगातार चल रहे प्रशिक्षण व ट्रेकिंग व निर्वाचन की बैठक व प्रशिक्षण में व्यस्त रहने के कारण वन विभाग द्वारा विगत एक सप्ताह से चलाए जा रहे वन्य प्राणी सरक्षंण सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन के बाद आज छात्र छात्राओं की रैली निकालकर वन्य प्राणी सरक्षंण सप्ताह का समापन किया गया। डीडीओ कोड नहीं आने से हो रही भारी परेशानी:- शासन ने सारंगढ में वन विभाग का उन्नयन करते हुए इसे जिला मुख्यालय बनाते हुए यहां वनमण्डलाधिकारी के रूप में यू गणेश की पदस्थापना भी कर दिया गया तथा उन्हें आए महीनों हो गए पर डीडीओ कोड जनरेट नहीं होने के कारण अब तक किसी भी प्रकार का वित्तीय अधिकार नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों को वेतन के भी लाले पड गए हैं औह इसका प्रभाव विभिन्न कार्यक्रमों के सादेपन के रूप में भी नजर आता है।

## एनएसयूआई ने किया छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

**सारंगढ** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज सोमवार को स्थानीय इण्डोर स्टेडियम में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक उत्तरी गनपत जांगडे व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज पांडे व जिलाध्यक्ष अरूण मालाकार करेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मा घनश्याम मनहर राज्यमंत्री दर्जा ,पुरूषोत्तम साहू सदस्य गौ सेवा आयोग, शरद यादव सदस्य कृषक कल्याण परिषद छग,मंजू मालाकार अध्यक्ष जनपद सारंगढ,सोनी अजय बंजारे अध्यक्ष न पा सारंगढ,तारा अरूण शर्मा अध्यक्ष जनपद बरमकेला सहित अन्य कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की उपस्थिति में आज सुबह ग्यारह बजे से क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिसकी तैयारियां विगत कुछ दिनों से एनएसयूआई के अभिषेक शर्मा इत्यादि के द्वारा विशेष रूप से किया जा रहा था।

## क्रांतिकारी कोटवार संघ का गठन

**सारंगढ** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के वनांचल ग्राम कनकबीरा में क्षेत्र के कोटवारों द्वारा क्रांतिकारी कोटवार संघ का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष अशोक चौहान कोटवार दमदरहा,उपाध्यक्ष सियाराम चौहान छिंचपानी,सचिव देवनारायण चौहान खैरझिटी,सह सचिव हरिराम चौहान, कोषाध्यक्ष फत्तेलाल चौहान खरवानी छोटे, सह कोषाध्यक्ष जगदीश चौहान बैंगीनडीह तथा सदस्य गण सकराम महंत, संतोष चौहान, विरेन्द्र चौहान, दयादास महंत, पितांबर महंत, लक्षण दास महंत, हरिश्चंद्र चौहान,टीमन चौहान, पितांबर महंत, लक्ष्मी नारायण चौहान, नवरतन महंत, मनिराम चौहान,रोकेश्वर चौहान इत्यादि प्रमुख है तथा उक्त संगठन ने लखनलाल चौहान को सरंक्षक बनाया है।



## इंडोर स्टेडियम में बढ़ेगी सुविधा, हॉस्टल सीसी रोड और नाली का हुआ भूमिपूजन

**जांजगीर,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष अंजनी तिवारी ने नगर में होने वाले 3 करोड़ 19 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, इसमें 85 लाख रुपए से इंडोर स्टेडियम के सुविधा विस्तार, 25 लाख रुपए से केंवट समाज के छात्रावास, 70 लाख रुपए से वार्ड क्रमांक 14 में सीसी रोड व नाली निर्माण, 5 लाख रुपए से धोबी धर्मशाला में किचन शेड, 3 लाख रुपए से वार्ड क्रमांक 8 आंगनबाड़ी का जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा। 88 लाख रुपए से वार्ड क्रमांक 1, 2, 10, 12 व 13 में स्टीट लाइट लगाई जाएगी। वार्ड क्रमांक 9 में 20 लाख रुपए से सिख समाज का अस्थि विसर्जन भवन, वार्ड क्रमांक 9 में 12 लाख रुपए से रपटा घाट, सब्जी मंडी के पास रोहिदास समाज व चौधरी डॉक्टर के घर के पास छतदार चबूतरा निर्माण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 15 में 11 लाख रुपए से छतदार चबूतरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ले आउट दिया गया। इस अवसर पर सीएमओ संध्या वर्मा, इंजी. हर्षा तिवारी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, पार्षद मनोज तिवारी, निरंजन कश्यप, शिवशंकर सोनी, कृष्ण कुमार भट्ट, सागर केशरवानी आदि उपस्थित थे।

# नहीं रूक रहा रेत घाटों से अवैध उत्खनन

## नदियों का सीना चीरकर रेत माफिया कर अवैध कारोबार, विभाग नाकाम

**जांजगीर,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेत माफियाओं को प्रशासन और खनिज विभाग नकेल कसने नाकाम रही है। यही वजह है कि रेत माफिया नदियों से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। इधर खनिज उड़नदस्ता के द्वारा एक दो कार्रवाई कर औपचारिकता निभाई दी जाती है। पिछले दिनों खनिज विभाग की उड़नदस्ता द्वारा अवैध उत्खनन में लगे चैन माउंटेन और परिवहन में लगे हाइवा और ट्रैक्टर वाहनों पर कार्रवाई की गई थी । जबकि जिले के रेत घाटों में प्रतिदिन धड़ल्ले से दिन रात उत्खनन जारी है। बरसात लगने के बाद 15 जून से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बाद भी रेत माफिया नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की अनदेखी करते हुए उत्खनन कर रहे हैं।



जिले के हसदेव, महानदी सहित अन्य सहायक नदियों के रेत घाटों से रेत खनन पर 15 जनू से 15 अक्टूबर तक के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। मगर रेत घाटों से माफियाओं के द्वारा रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिले के पीथमपुर, हथनेवरा, शिवरीनारायण, तनौद, देवरघटा, बसंतपुर, किकिरदा बलौदा क्षेत्र के रेतघाटों से अवैध उत्खनन जारी है। नदियों का सीना चीरकर सालभर तक रेत माफिया बिना रायल्टी के रेत खनन कर सरकार को करोड़ों रूपए का चूना लगा चुके हैं और यह खेल अनवरत जारी है। जिले में रेत माफिया जिला प्रशासन के अधिकारियों पर भारी पड़ रहे हैं। अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई केवल दिखावे के लिए की जा रही है जिसके कारण बेखौफ होकर रेत माफिया खनन और ट्रांसपोर्टर परिवहन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना इन घाटों से रात में मशीन के माध्यम से बड़ी मात्रा में रेत उत्खनन कर बेचा जा रहा है। जबकि इन घाटों का ठेका समाप्त हो चुका है। इस संबंध में खनिज विभाग का पक्ष रखने के लिए खनिज निरीक्षक उत्तम खूंटे के मोबाइल में संपर्क किया गया मगर उन्होंने काल रिसीव नहीं किया ।

### रात में नदी से रेत उत्खनन

परिवहनकर्ताओं का कहना है रात में नदी से रेत उत्खनन कर रहे हैं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जबकि खनिज नियमों के साथ रायल्टी लेकर रेत परिवहन करने वाले वाहनों को कार्रवाई के नाम पर पकड़ा जाता है और पैसे लेकर छोड़ दिया जाता है। ठेकेदार ठेका के नियम शर्तो का धज्जी उड़ाते हुए शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बिना रायल्टी के रेत को बेच रहे हैं जिसकी वजह से जरूरतमंदों को रेत अधिक दर पर मिल रहा है।

### राजस्व का नुकसान

रेत माफिया बंद रेत घाटों से रेत का खनन कर रहे है। जिले के हसदेव, महानदी सहित अन्य सहायक नदियों के रेत घाटों को रेत खनन के लिए ठेका में दिया गया था। जिसका ठेका अक्टूबर महीने में समाप्त हो चुका है। मगर माफियाओं के द्वारा रेतघाटों से अवैध उत्खनन किया जा रहा है। रेत माफिया बिना रायल्टी के रेत बेचकर शासन को राजस्व का चूना लगा रहे हैं। वहीं खनिज व राजस्व विभाग के अधिकारी जानकारी के बाद भी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में खनिज विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है। रायल्टी लेकर रेत का परिवहन कर रहे वाहनों को जब्त किया जाता है। जबकि उत्खनन कार्य में लगे वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जाती है।

# पट्टा वितरण नहीं होने से लोगों में नाराजगी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

### पांच सालों से भूमि पट्टे के लिए चांपा के सैकड़ों लोग कर रहे इंतजार

**चांपा**, 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच सालों से भूमि पट्टे के लिए चांपा के सैकड़ों लोग सरकारी दफ्तरों का चक्कर काट रहे है। दो दिन पहले भी सैकड़ों लोगों ने चांपा एसडीएम कार्यालय का घेराव किया, तब इन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि चुनावी आचार संहिता से पहले उन्हें भूमि का पट्टा नहीं मिला तो वो सभी परिवार के साथ चुनाव का बहिष्कार करने बाध्य होंगें। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक कामकाज को देखते हुए नहीं लगता कि आचार संहिता लगने से पहले पट्टा वितरण हो जाएगा।




विदित हो कि चांपा के वार्ड नंबर 1 से 4 सहित नगर के विभिन्न वार्डों में लोग बरसों से सरकारी भूमि पर काबिज हैं और लंबे समय से पट्टे की मांग कर रहे हैं। करीब पांच साल पहले इन्हें पट्टा वितरण करने के लिए सर्वे भी हुआ था, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते अब तक इन्हें पट्टा नसीब नहीं हो सका है। इसके चलते हितग्राहियों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। इनका कहना है कि सैकड़ों लोगों को पट्टा दिया जाना है, लेकिन पांच सालों से प्रशासन केवल हीलाहवाला कर रहा है। यदि इस बार चुनाव आचार संहिता लगने से पहले उन्हें पट्टे का वितरण नहीं किया गया तो वो सभी परिवार के साथ चुनाव का बहिष्कार करने बाध्य होंगे।

हालांकि चांपा एसडीएम नीरनिधि नंदेहा का दावा था कि सत्यापन का कार्य शेष है। जल्द सत्यापन कार्य पूरा कर हितग्राहियों को पट्टे का वितरण कर दिया जाएगा। यदि इन दो तीन दिनों में सत्यापन का कार्य पूरा हो गया होगा तो कल सोमवार से पट्टे का वितरण प्रारंभ हो जाएगा। नही तो चुनाव के बाद ही पट्टे का वितरण संभव है। दूसरी ओर, जिले के पहले मिलेट्स कैफे के शुभारंभ पर चांपा आए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के निर्देश पर एसडीएम ने तीन दिनों के भीतर पट्टे का वितरण करने का दावा किया था, लेकिन हफ्ते भर बाद भी पट्टे का अता-पता नहीं है। ऐसे स्थिति में इन लोगों का कहना है कि उनके साथ परिवार के कोई भी सदस्य चुनाव में वोट नहीं देंगे, जिसका सर्वाधिक नुकसान कांग्रेस को हो सकता है। बहरहाल, प्रशासन समय रहते इन नाराज लोगों को मना पाने में कितना सफल होता है, यह देखना काफी दिलचस्प होगा।

# घर से निकला युवक राधा अष्टमी पर सन्यासी रूप में दिखा

### रक्षाबंधन के दिन घर से निकला था, फोटो भेजने के बाद नहीं हो रहा संपर्क

अकलतरा, 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर का एक युवक रक्षा बंधन के दिन अपने घर से निकल गया, तब से उसकी खोज खबर नहीं मिली। इस बीच कृष्ण जन्माष्टमी के दिन युवक ने अपने घर वालों के मोबाइल पर वाट्सएप कॉल किया, इस दौरान वह इस्कान मंदिर वृंदावन में दिखा।



उसने घरवालों को मंदिर का दर्शन कराया और मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद फिर बात की मां और पिता ने घर लौटने कहा तो दस दिनों में वापस लौटने की बात कही। राधा अष्टमी को उसने अपनी तस्वीर भेजी, जिसमें वह सन्यासियों की तरह दिख रहा है। उसके बाद से उसका मोबाइल बंद है। घरवालों ने लापता की रिपोर्ट लिखाई है।

नगर के वार्ड नंबर 6 जवाहर नगर निवासी सतीश यादव का छोटा पुत्र सनी यादव 23 वर्ष 30 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के दिन घर से अचानक लापता हो गया था। आसपास खोजबीन करने के बाद भी युवक का कुछ भी पता नहीं चला। 6 सितंबर को जन्माष्टमी पर युवक ने अपना मोबाइल ऑन कर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव व इस्कॉन टेंपल मथुरा से वीडियो कॉल बात की और मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। 15 सितंबर को फिर बात की। युवक के पिता व मां ने वापस घर बुलाया तो 10 दिनों के बाद घर ऑफिस आने का आश्वासन दिया गया 23 सितंबर को राधा अष्टमी पर युवक ने अपने परिजनों को सोशल मीडिया में अपनी तस्वीर भेजी। जिसमें युवक के सिर पर बाल नहीं और उसने सफेद रंग का कपड़ा धारण किया हुआ था। तस्वीर भेजने के पश्चात युवक ने अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर दिया। 24 सितंबर को युवक के पिता सतीश यादव व उसके भाई संदीप यादव, सनी को ढूंढने मथुरा व वृंदावन पहुंच गए पर युवक का कोई भी पता नहीं चला। मथुरा व वृंदावन में खोजबीन करने के बाद युवक का पता नहीं चलने पर निराश होकर परिजन वापस घर लौट गए परिजनों ने पुलिस थाना में जाकर सूचना देने के साथ-साथ युवक के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## नाबालिक बालिका से दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जांजगीर, 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। पीडिता को आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगा कर ले गया था, जिसकी पतासाजी पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी, 06.अक्टूबर को सूचना मिला की आरोपी अपहृता को अपने कब्जे में ग्राम चोरिया में रखा है ,सूचना पर रेड कार्यवाही किया जिसके कब्जे से पीड़िता को बरामद किया गया। विवेचना दौरान पीड़िता का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया, तथा प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि एवं 4, 6 पास्को एक्ट जोड़ी गई हैं। विवेचना के दौरान आरोपी कमलेश कुमार कटकवार उम्र 24 वर्ष साकिन चोरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## जिपं सीईओ ने किया पेंड्री, पचेड़ा में रीपा के कार्यों का निरीक्षण

**जांजगीर,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके खुंटे ने शुक्रवार को जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत पेंड्री एवं पचेड़ा गोठान में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ, तकनीकी सहायक एवं रीपा निर्माण टीम को कार्यों की सतत रूप से मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

जिपं सीईओ ने कहा कि रीपा योजना से युवाओं, ग्रामीण, महिलाओं को उद्यमी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, इसके तहत जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। पेंड्री में उन्होंने पूजा एवं हवन सामाग्री निर्माण, कोसा धागाकरण एवं कपड़ा निर्माण, मशरूम उत्पादन एवं प्रोसेसिंग यूनिट का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने से आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। रीपा योजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो और किसी तरह की कोई दिक्कत न आए इसको लेकर सभी मिलकर कार्य करें। पेंड्री में हार्टीकल्चर से समन्वय कर बहुतायत में वृक्षारोपण एवं समूह की महिलाओं को जल्द आर्थिक लाभ मिले इसके लिए हाइब्रिड वैरायटी के मुनगा और जिमीकंद लगाने के निर्देश दिए। जिपं सीईओ ने पचेड़ा में रीपा के अंतर्गत चल रहे पचेड़ा में फेब्रिकेशन यूनिट, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य, बर्फ सिल्ली उत्पादन, आरओ वाटर प्लांट, सेटरिंग सामान, फंगास मछली पालन कार्य को देखा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, स्व सहायता समूह, युवाओं से चर्चा करते हुए कहा कि गांव में रहते हुए ही रोजगार प्राप्त हो रहा है इससे परिवार की आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने गौठान में चल रही गोबर खरीदी के साथ ही वर्मी कम्पोस्ट निर्माण सतत रूप से करने और तैयार वर्मी कम्पोस्ट को सोसायटी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## राधा कृष्ण मंदिर के दान पेटी तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। रात्रि में राधा कृष्ण मंदिर का दान पेटी का ताला तोड़कर रुपया चोरी करने वाले आरोपी को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 1,717/ रुपए व दान पेटी बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादवि के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



मामले पर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लक्ष्मी नारायण पांडे पिता स्वर्गीय कमलेश्वर प्रसाद पांडे उम्र 42 वर्ष निवासी टूंडरी थाना बिलाईगढ़ जिला बलौदा बाजार द्वारा 07 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 07 अक्टूबर के रात्रि करीब 07 बजे मंदिर परिसर गया तो प्रार्थी की नजर एक लड़के के ऊपर पड़ी जो मंदिर अंदर घुसकर चैनल गेट के अंदर से हाथ डालकर मंदिर में रखें दान पेटी से कुछ निकलते हुए दिखा, तब मुझे आता देखकर वह भागने लगा। मंदिर के अंदर जाकर देखा तो वह लड़का दान पेटी का ताला तोड़कर दान पेटी का रुपए को चोरी कर लिया था, इसकी रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में 457 380 भा.द.वि.कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना दौरान रंजन कुमार केवट उम्र 19 वर्ष निवासी अमलडीहा को पड़कर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया तथा उसके मेमोरेण्डम कथन के आधार पर मंदिर के दान पेटी से चोरी हुए नगदी रकम 1717 रूपये को गवाहो के समक्ष बरामद किया गया। आरोपी रंजन कुमार केवट उम्र 19 वर्ष सकिन अमलडीहा के विरुद्ध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक द्विवेदी, प्रधान आरक्षक किशोर दीवान, आरक्षक महेंद्र राज, तेरस राजू कश्यप का योगदान रहा।

## शराब पीने के लिए पैसे मांग नही हुई पूरी तो कर दी मारपीट, गिरफ्तार

जांजगीर, 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। शराब पीने के लिए पैसे मांग करने, नही देने पर मारपीट व गाली गलौच करने वाले आरोपी को चाम्पा पुलिस ने गिरफ्तार किया है । 07 अक्टूबर को प्रार्थी सिद्धगोपाल शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आटो चलाता है कि आरोपी नजीर खान उर्फ जल्लाद खान द्वारा उसे दारू पीने के लिए पैसा मांगा, नही देने पर गाली गलौच करने लगा, मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। उस समय आटो गाड़ी मे बैठा गौतम शर्मा, आमिर लाल चौहान, रमेश श्रीवास तथा लक्ष्मीनरायण वस्त्रकार मौजूद थे, मना करने पर नही माना। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी नजीर खान उर्फ जल्लाद खान उम्र 22 वर्ष सा. रेल्वे स्टेशन के सामने पानी टंकी के पास जवाहरपारा चांपा को तलब कर घटना के संबंध में पूछताछ करने अपराध कबूल लिया है। उसे न्यायलय में पेश किया गया है।

# प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में अग्रसेन जयंती का हुआ शुभारंभ

**खरसिया** 08 अक्टूबर (देशबन्धु)। कैलाश शर्मा खरसिया नगर का अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन जी की 5147 वी जयंती धूमधाम से मनाने जा रहा है जयंती को लेकर नगर का अग्र समाज काफी उत्साहित नजर आ रहा । समाज के सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में अग्रसेन चौक में कल 8 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर आरती पूजन किया गया इसके साथ ही उद्धघाटन कर जयंती में होने वाली प्रतियोगिताएँ प्रारंभ की गई। वही अग्रसेन चौक में हर वर्ष की तरह इस बार भी जलपान की व्यवस्था मारवाड़ी युवा मंच द्वारा की गई।



ई पत्रिका का विमोचन भी किया गया जिसको लेकर युवक और युवतियों में काफी उत्साह नज़र आया। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में होने वाली प्रतियोगिताएं 8 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई और इसका समापन अग्रसेन जयंती वाले दिन 15 अक्टूबर को किया जाएगा । 14 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे कन्या भवन में पुरुस्कार वितरण किया जाएगा 15 अक्टूबर को प्रात: 5 बजे हनुमान मंदिर गंज बाजार से प्रभात फेरी निकलेगी वही दोपहर 3 बजे बसंती राईस मिल से शोभायात्रा निकलेगी। रात्रि 8 बजे कन्या भवन में अग्रभोज का आयोजन भी श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति द्वारा किया गया है। अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष सुनील गर्ग सह अध्यक्ष नितिन गोयल व सचिव अनिल गर्ग ने अग्रवाल समाज के सभी लोगों से निवेदन किया है अधिक से अधिक लोग जयंती में होने वाले सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर सामाजिक एकता का परिचय देवें।

आज हुई कुछ प्रतियोगिताओं के हमें रिजल्ट प्राप्त हुए हैं जिसमें तीन चक्का साइकिल रेस थी इसमें प्रथम स्थान अमिश अग्रवाल पिता विनय अग्रवाल वहीं द्वितीय स्थान अमृता अग्रवाल पिता आशीष अग्रवाल रहे इसके बाद जलेबी दौड़ चालू हुई जिसमें प्रथम स्थान आरना अग्रवाल पिता सुमित अग्रवाल वही द्वितीय स्थान अविग्न अग्रवाल पिता आलोक अग्रवाल रहे एक बाद म्यूजिकल चेयर रेस जूनियर आरंभ की गई जिसमें प्रथम स्थान अनंत अग्रवाल पिता सौरभ अग्रवाल वही द्वितीय स्थान वंश गुप्ता पिता विक्रम गुप्ता रहे सीनियर म्यूजिकल रेस में प्रथम अनिशा अग्रवाल पिता संजय अग्रवाल द्वितीय नैना अग्रवाल पिता मनीष अग्रवाल रही। आज हुई प्रतियोगिता में लगभग 250 लोगों ने भाग लिया।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



- एक युवक घायल
- रतनपुर के ग्राम चपोरा की घटना
- घटना के बाद ट्रक चालक फरार, ग्रामीणों में आक्रोश



**बिलासपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के रतनपुर थाना अंतर्गत ग्राम चपोरा निवासी रवि दास पिता सुखीदास उम्र 42 वर्ष अपने निजी काम से मोटरसायकल से अपने दोस्त के साथ चपोरा से रतनपुर की ओर आ रहा था। तभी शाम 6 बजे के करीब रतनपुर घासीपुर के पास रतनपुर ओर से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक क्र सीजी 10 एएन 7453 ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया जिससे मोटर सायकल चालक रविदास की मौके पर ही मौत हो गई, वही उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़ कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर ट्रक को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है।

गौरतलब हो कि इस मार्ग पर आये दिन सड़क हादसे होते है। जिससे मौतों का सिलसिला लगातार बढ़ते ही जा रहा है। पहले यह सड़क हादसे ज्यादातर रात के समय भारी वाहनों से होते रहे। लेकिन अब तो सुबह से लेकर रात तक कभी भी इस मार्ग पर लोग भारी वाहन चलाते हुए वाहनों व राहगीरों को अपनी चपेट में ले रहे है। जिससे हादसे बढ़ गए है। वही स्थीनय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## कान्यकुब्ज समाज की भागवत कथा शुरू

**बिलासपुर** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। 7 से 13 अक्टूबर तक कान्यकुब्ज भवन इमली पारा में श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित संयोजक राजा अवस्थी एवं सचिव मनोज शुक्ला ने बताया कि इस कथा का आयोजन पित्तर पक्ष में यजमान गण अपनी माता पिता पूर्वजों की स्मृति में समाज के माध्यम से करा रहे है इसकी कलश यात्रा अष्ट मुखी . शिव मंदिर से यजमान एवं अतिथि ऋतु पान्डेय से पूजा पाठ कराके कलश यात्रा निकाली गई। कथा वाचक पन्डित महेश तिवारी विशेष वाहन में विराजमान होकर निकले इमलीपारा भवन में यह कलथ यात्रा समाप्त हुई । कथा इमलीपारा कान्यकुब्ज भवन में प्रतिदिन दोपहर 3 से सांय 7 बजे तक होगी।

# पीएससी ने कहा उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति के साथ करें शिकायत, करेंगे जांच, होगी कार्रवाई

**रायपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। पीएससी ने एक आदेश जारी कर अंकों में विसंगति होने पर अभ्यर्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ आयोग में शिकायत कर सकते है। आयोग का कहना है कि आधी अधूरी उत्तर पुस्तिका को स्क्रीनशॉट वाइरल करने से जांच करना संभव नहीं है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि विगत कुछ दिनों से आयोग द्वारा की जा रही भर्ती प्रक्रियाओं पर कुछ सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाएं (प्रश्न के आधे-अधूरे उत्तरों को स्क्रीनशॉट इमेज क्लिप तैयार कर) वायरल किए जा रहे हैं कि प्रश्न के अनुरूप




उत्तर न होने पर भी अंक प्रदान किए गए हैं। यदि ऐसा किसी अभ्यर्थी के साथ घटित हुआ हो तो उक्त संबंध में आयोग कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अवर सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 में कुल 2661 अभ्यर्थी शामिल थे। अतः सोशल मीडिया में प्रसारित उत्तर पुस्तिकाओं के 1 या 2 पृष्ठ (प्रश्न के आधे-अधूरे उत्तरों के स्क्रीनशॉट इमेज क्लिप) के आधार पर उक्त उत्तर पुस्तिका किस अभ्यर्थी के है, यह आयोग स्तर पर पहचान किया जाना संभव नहीं है और न ही उक्त तथ्यों की जाँच किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। अतः मीडिया में प्रसारित उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठ से संबंधित अभ्यर्थी अपने उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ आयोग कार्यालय में अभ्यावेदन प्रस्तुत करें, ताकि नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

## होइहि सोइ जो राम रचि राखा - सत्यनारायण

**बिलासपुर** , 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुभमविहार मानस मंडली के प्रेणता सत्यनारायण पांडेय ने बताया कि जब उन्होंने सतत साप्ताहिक सुंदरकांड का संकल्प लिया था। तब उन्होंने भगवान श्रीराम से प्रार्थना की थी कि प्रभु कम से कम 52 श्रद्धालुओं के मन मे अपने अपने घरों में सुंदरकांड करवाने की प्रेरणा अवश्य ही जाग्रत करना, ताकि उनका संकल्प पूर्ण हो सके। प्रभुराम की ऐसी कृपा हुई । कि आज 63वां सतत पाठ गजेंद्र सिंह, श्रीमती कुसुम सिंह, अक्षय सिंह, श्रीमती प्रतिमा सिंह ठाकुर, अर्थव सिंह, अनावी सिंह के निवास पर सतत सुंदरकांड का आध्यात्मिक पाठ होना इस बात का द्योतक हैं कि जब तक रामजी की कृपा नहीं हो तब तक जहां लोग सालों साल सुंदरकांड का पाठ नही करवा पाते है। वहीं शुभमविहार वाले इतने भाग्यवान हैं कि प्रति सप्ताह प्रभु कृपा के पात्र बन रहे हैं। अवश्य ही यहां संतजनों का निवास हैं। संगीतमय 63 वे सुंदरकांड का पाठ एवं भजन संध्या में शुभमविहार कल्याण समिति के



अध्यक्ष आखिलानन्द पांडेय,जे पी हाईट्स विकास समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सत्यनारायण पांडेय, नरेंद्र गोपाल सहित बड़ी सँख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## रेल-संक्षेप

### जूना बिलासपुर व्यापारी संघ व लायंस क्लब ऊर्जा के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बिलासपुर** , 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ एवं लायंस क्लब ऊर्जा के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया । नगर पालिक निगम के एल्डरमैन एवं जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता( बँटी)ने बताया कि,स्वास्थ्य जाँच शिविर का आरंभ मुख्यअतिथि श्रीमती विनीता रामशरण यादव एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पार्षद श्रीमती प्रियंका उत्तम यादव की गरिमामई उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया । महिला चिकित्सकों के द्वारा 115 महिलाओं का स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श सहित उपचार उपचार किया गया । कैंसर रोग विभाग की डॉ श्रीमती उपासना जायसवाल के द्वारा महिलाओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के कैसर रोग संबंधित जानकारी एवं उससे बचाव के विषय पर व्याख्यान दिया गया । शिविर में डॉ.गरिमा तिवारी,डॉ,मार्टिना जॉन,डॉ.आकांक्षा गुप्ता,डॉ.दीप्ति पांडेय ने अपनीं सेवाएँ प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के रमेश गुप्ता,गुरुबक्श जैसवानी,गोपाल अग्रवाल साथ ही लायंस क्लब ऊर्जा की अध्यक्ष ला.रिंपी होरा ,सचिव ला .सुनीता सिंह , कोषाध्यक्ष फिरोज आलिम , प्रभारी कोषाध्यक्ष रश्मि गांधी,कार्यकारणी सदस्य जया सिंह,मीनू उबेजा का सहयोग रहा ।

### पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू ने किया अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन



**बिलासपुर** , 8 अक्टूबर (देशबन्धु) । शासकीय हाई स्कूल तिफरा में छात्रों की संख्या अधिक व कमरों की कमी होने के करण छात्रों एवं अध्यापकों को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता रहा है । बैठक व्यवस्था हेतु स्कूल प्रबंधन द्वारा स्थानीय पार्षद श्रीमती गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू से लगातार अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराए जाने की माँग की जा रही थी । परिणाम स्वरूप पार्षद श्रीमती साहू के प्रयासों से प्रशासन द्वारा 4 कमरों का अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 33 लाख रू प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसका 7 अक्टूबर शनिवार को पार्षद श्रीमती गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू द्वारा भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया जिस पर स्कूल प्रबंधन सहित पालकों ने पार्षद श्रीमती साहू का आभार जताया।

# छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र में योग को जन-जन तक फैलाना है - ज्ञानेश

## हेमूनगर में निशुल्क एवं नियमित योग अभ्यास केंद्र का शुभारंभ

**बिलासपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग आयोग के तत्वाधान में आज निशुल्क एवं नियमित योग अभ्यास केंद्र का शुभारंभ किया गया । छतीसगढ आयोग अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा सम्मानित सदस्य रविन्द्र सिंह के उपस्थिती मे वार्ड क्र. 36 नेपाली भवन हेमू नगर बिलासपुर में नियमित एवं निशुल्क योग अभ्यास केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर अतिथि के रूप में अरपा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभय नारायणराय एम एल पांडे (सचिव छत्तीसगढ़ योग आयोग), शिवा मिश्रा (पूर्व प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस) उपस्थित रहे।

शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ी योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने अपने उद्बोधन के माध्यम से जन-जन को यह संदेश दिया की छत्तीसगढ़ योग आयोग के माध्यम से छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र में योग को जन-जन तक



फैलाना है एवं लोगों के स्वास्थ्य में सतत् सुधार लाना है। छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह ने कहा की योग व ध्यान का ज्ञान हमे ऋषी मुनियो से प्राप्त हुआ है। नियमित योग से हम शारीरिक व मानसिक विकास के साथ ही साथ किसी भी रोग व परिस्थिति से लडने मे हम अपने आप को संक्षम पाते है।योग आयोग द्वारा प्रदेश मे लगातार योग के प्रचार प्रसार के साथ ही जहॉ प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे है। वही संभाग व जिला स्तर पर योग प्रशिक्षण भी दिये जा रहे है। वर्तमान मे सेतुबंध आसन के माध्यम से छत्तीसगढ योग आयोग ने विश्व रिकार्ड बनाया है।इसलिए हमे नियमित योग कर अपने आप को निरोगी रखते हुए स्वस्थ समाज की सोच को आगे बढ़ाना है । छत्तीसगढ़ योग आयोग के मास्टर ट्रेनर अविनाश दुबे, त्रिलोक नागेश , रश्मि पांडेय ,राजेश त्रिवेदी ,सतीश बरेठ ,सुनील कौशिक , ओंकारनाथ महंत राकेश केशरीय ,कर्ण सिंह ठाकुर , किशन गुप्ता इत्यादि मास्टर ट्रेनरों ने शुभारंभ कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया । योग साधक गण एवम् जन सामान्य ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई जिनमें विमला मानिकपुरी, ईश्वर दास मानिकपुरी, कृष्णा वेणी, उमा मानिकपुरी, मनी बाई, गोविंद दास, तनुश्री मुखर्जी ,मेघा मानिकपुरी,दुर्गा मंडल, पूनम राणा पिंकी उपस्थित रहे। इस योग केन्द्र का संचालन योग प्रशिक्षिका रुकमणी मानिकपुरी के द्वारा नि:शुल्क एवम् नियमित रूप से सुबह 6 से 7 बजे किया जाएगा।

## गांजा के साथ अधेड़ गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य को जरिये मुखबीर से सूचना मिलने पर मुखबिर सूचना की तस्दीकी हेतु थाना सिविल लाइन से उपनिरीक्षक गिरधारी साव को हमराह स्टाफ जरहाभाठा की ओर रवाना किया गया था। जहां एक व्यक्ति कपड़े के सफेद रंग के थैले में मादक पदार्थ गंजा बिक्री करने के लिए मस्तूरी से बिलासपुर लेकर आ रहा है जिसे मौके पर घेराबंदी कर समक्ष गवाह के पकड़ा गया।



जिसके कब्जे से एक सफेद रंग के कपड़े के थैले में 500 ग्राम मादक पदार्थ कलीदार गांजा बरामद कर कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त व्यक्ति का नाम पूछने पर अपना नाम बेदी प्रसाद तिवारी मस्तूरी का निवासी होना बताया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 20बी के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## करगी रोड, बेलगहना व पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन में 5 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव



**सांसद अरुण ने किया लोकार्पण**

**बिलासपुर** , 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा लगातार यात्री सुविधाओं का क्रमिक विकास एवं उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ।इसी संदर्भ में करगी रोड स्टेशन में 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस एवं 18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस का, पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन में 20471/20472 बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस एवं 22829/22830 भुज-शालीमार-भुज एक्सप्रेस का तथा बेलगहना स्टेशन में 18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस का ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

इस सुविधा का लोकार्पण आज सांसद बिलासपुर अरुण साव के कर कमलों द्वारा किया गया । इस अवसर पर करगी स्टेशन में आयोजित लोकार्पण समारोह में जनप्रतिनिधियों के अलावा अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास कश्यप सहित अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में नागरिक उपस्थित थे । कार्यक्रम के प्रारंभ में अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन द्वारा प्लांटर, साल व श्रीफल से सांसद स्वागत किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुये सांसद अरुण साव ने कहा कि यह गरिमामय समारोह इस क्षेत्रवासियों के लिए सुखद पल है । इन गाड़ियों के ठहराव की सुविधा के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई दी ।उन्होने कहा कि रेलवे द्वारा अधिसंरचना विकास के कार्य, यात्री सुविधा विकास, सुरक्षा तथा संरक्षा विकास के कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है । सौ फीसदी स्वदेशी अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन आत्मनिर्भर भारत की बड़ी ताकत है ।रेलवे स्टेशनों में यात्री सुविधा विकास व विस्तार तथा आवश्यकता के अनुरूप सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर कार्य हो रहा है। साथ ही उन्होने कहा कि आने वाले दिनों में रेलवे के समग्र विकास के साथ ही यात्री सुविधा विकास के कार्य भी तीव्र गति से होगा और रेलवे देश की विकास की मुख्य कड़ी बनेगा।

## सिरगिट्टी में सवा 2 करोड़ के विकास कार्यो का भूमिपूजन

**बिलासपुर** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिरगिट्टी - बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 11 मे आज वार्डवासियों को करोड़ों रुपए की सौगात मिली है। जिसमें वार्ड पार्षद रवि साहु ने अलग अलग विकास कार्य को लेकर अपने वार्ड के लिए करोड़ो रुपए का मांग किया था । आज वार्ड क्रमांक 11 मे 2 करोड़ 21 लाख का भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महापौर रामशरण यादव, नगर निगम के सभापति शेख नजीरुद्दीन, मंडी अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला आये हुए अतिथियों ने भुमिपूजन और लोकार्पण कर वार्डवासियों को करोड़ों का सौगात दिया और राजीव गांधी आश्रय के तहत पट्टा वितरण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद पुष्पेन्द्र साहु, सूरज मरकाम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज जायसवाल, छोटा यादव, गोविन्द यादव, संतोष यादव, दीपक शुक्ला, अरुन, रामू राव, संतोष भारतीय, मोमिन खान, तुतरु, मुकेश सिंह, रोहित, फरजाना, नीरज साहु, द्वारिका साहु एव समस्त कार्यकर्ता एवं वार्ड के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# राजनीतिक पार्टी के अवैध बैनर व फ्लैक्स हुए जब्त

**बिलासपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर की सभी सड़को को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान के तहत शुक्रवार को एक बार फिर अतिक्रमण टीम ने शहर के सभी सड़को पर कार्यवाही की ।इस दौरान सड़क व डिवाइडर में बिना अनुमति लगे बैनर व पोस्टर निकाले गए। इसमे विभिन्न कंपनी के विज्ञापन बोर्ड के साथ राजनीतिक पार्टी के बैनर, पोस्टर हटाए गए हैं। निगम ने सड़को पर लगाए जाने वाले विज्ञापन बोर्ड, पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स आदि के लिए शुल्क निर्धारित किया है। लेकिन शहर की सड़कें अवैध



विज्ञापन बोर्ड से पटे हुए हैं। जिसका कोई भी शुल्क निगम को नहीं पटाया गया है। जो पूरी तरह से अवैध की श्रेणी में आते हैं। इसी तरह विभिन्न राजनीतिक पार्टी के बोर्ड, फ्लेक्स की भी सड़को पर भरमार है। ऐसे में शनिवार को निगम आयुक्त कुणाल दुदावत के निर्देश पर अतिक्रमण विरोधी दस्ता ने कार्रवाई करते हुए सभी अवैध बोर्ड निकालने का काम किया है। पुराना बस स्टैंड चौक की सड़क पर कार्यवाही करते हुए सड़क पर लगे दुकानों को खदेड़ने का काम किया। साथ ही इ दौरान ठेला, गुमटी जब्ती कार्रवाई की गई। टीम ने भी साफ कर दिया कि चेतावनी के बाद भी कोई असर नहीं हुआ और सड़क पर अतिक्रमण जारी है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जानगर पालिक निगम, विसकता है। मालूम हो की निगम आयुक्त कुणाल दुदावत के निर्देश पर सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। अतिक्रमण प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि शहर के अन्य सड़कों पर भी कार्रवाई की गई है। इसके तहत देवकीनंदन चौक से गोलबाजार तक, नेहरू चौक से मंगला चौक तक, नेहरू चौक से महाराणा प्रताप चौक तक की सड़कों तक दुकान के सामान अंदर कराया गया है। साथ ही बैनर पोस्टर जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

# नवरात्रि के लिए भव्य पंडालों का निर्माण शुरू प्रतिमाएं लेने लगी आकार

## बाहर से आए कारीगर कर रहे पंडाल तैयार

**बिलासपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि 15 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। इसके लिए शहर के सभी दुर्गा समितियां तैयारी में जुटे हैं। मूर्तिकार भी देवी की प्रतिमा को अंतिम आकार दे रहे हैं और रंग रोगन का भी कार्य चल रहा है।

शनिवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की



बैठक भी संपन्न की गई । जिसमें इस पर्व को सौहार्दपूर्ण मनाने का निर्णय लिया गया। बहरहाल बिलासपुर शहर में इस नवरात्रि लोग सपनों के महल का भी भ्रमण कर सकेंगे। शहर में 50 से भी ज्यादा प्रमुख जगहों पर दुर्गा उत्सव समितियां द्वारा यह पर उल्लास के साथ मनाया जाता है । आकर्षक पंडालो में विराजी दुर्गा माता के दर्शन करने न केवल शहर से अपितु दूर दराज के गांव से भी लोग बड़ी संख्या में आते हैं। दुर्गा उत्सव समितियां भी हर बार कुछ नया करने की सोच रखते हुए। भव्य पंडाल के साथ-साथ मूर्तियों को भी अलग-अलग थीम पर निर्माण करते हैं ताकि यह 9 दिन भक्ति से शराब और हो सके । मूर्तिकार अमित सूत्रधार ने बताया कि शहर के सभी बड़े- बड़े समितियों के 15 से 16 आर्डर उनके पास हैं अपने हाथों की कलाकारी सेवाएं प्रतिमाओं को जीवन प्रकार देने में जुटे हैं।

इस बार 15 फीट तक की दुर्गा प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है अलग-अलग पंडालो में सजी झांकियां लोगों को सहज ही अपनी और आकर्षित करेगी। शहर के तोरवा दयालबंद रेलवे परिक्षेत्र जूना बिलासपुर और अन्य क्षेत्रों में विराजित दुर्गा पंडालों में संजीव आकर्षण देखने को मिलेगा झांकियां के अंतर्गत कहीं माता लक्ष्मी शेर को भोजन करते नजर आएंगी। तो कहीं पर भगवान शिव गणेश को गोद में खेलाते दिखेंग। कहीं कार्तिकेय धनुर्विद्या सीख रहे होंगे तो किसी पंडाल में दुर्गा माता महारानी की तरह सिंहासन पर विराजमान होगी। जिनके दरबान के रूप में भगवान काल भैरव और हनुमान नजर आएंगे रेलवे परिक्षेत्र स्थित बंगाली स्कूल परिसर में इस बार 100 वें वर्ष दुर्गा उत्सव मनाया जाएगा। बंगाली एसोसिएशन के दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस नवरात्रि के लिए इस बार पूरा पंडाल बंगाल से विष्णुपुर से आया हुआ है। समिति के महासचिव लालतू घोष ने बताया कि भव्य पंडाल के निर्माण के लिए बंगाल के 12 कारीगर दिन रात जुटे हैं इस बार लोगों के लिए सपनों का महल तैयार किया जा रहा है, जिसमें लोगों के प्रवेश करते ही उन्हें एक अनुभव होगा, उनमें जीने की उम्मीद जागेगी और कुछ करने की तमन्ना जाग उठेगी सपनों के महल के अंदर लगी प्रदर्शनी लोगों को सहज ही अपनी और आकर्षित करेगी।

## बिजली की कटौती

**बिलासपुर.** नवरात्रि और दीपावाली पर्व के पूर्व बिजली विभाग द्वारा लाइन में कटौती की जा रही है। अलग अलग वार्डों में विभाग द्वारा कटौती की जा रही है।

**NECC**

| 09.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 528 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 543 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188